दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 20 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 88 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## हमें तुम पर गर्व है...भारत की बेटी सुनीता विलियम की वापसी पर बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली:** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स करीब नौ महीने बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से वापस धरती पर लौटीं हैं। सुनीता की वापसी पर अमेरिका के साथ भारत में भी खुशी मनाई जा रही है। उनके वापस लौटने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए उनके साहस की सराहना की। इससे पहले पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स को भारत आने का न्योता भी दिया।

**पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर किया ट्वीट :** पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, आपका पुनः स्वागत है, क्रू9 ! पृथ्वी को तुम्हारी याद आई। यह उनके धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तविक अर्थ क्या है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को सदैव प्रेरित करेगा। स्पेस एक्सप्लोरेशन का अर्थ है मानव क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को वास्तविकता में बदलने का साहस करना।

### सुनीता विलियम्स के पैतृक गांव में मना जश्न

सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने पर बुधवार सुबह गुजरात के मेहसाणा जिले में उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल रहा।झूलासन के सभी लोग टेलीविजन पर इस घटना का सीधा प्रसारण देखने के लिए गांव के मंदिर में एकत्र हुए। सभी की निगाहें सुनीता की सुरक्षित वापसी पर टिकी थीं। सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्षयात्रियों को लेकर कैप्सूल रूपी यान जैसे ही उतरा, ग्रामीणों ने आतिशबाजी शुरू कर दी और ह्यहर हर महादेवह्न के जयकारे लगाते हुए हर कोई झूमने लगा।

## हाउस टैक्स पर 12% ब्याज लागू होने में 12 दिन शेष

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की अपील, समय से जमा करें संपत्ति कर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स वसूली को लेकर निरंतर कार्रवाई की जा रही है जिसमें पांचों जोन के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई जोनल स्तर से हो रही है जिसमें बड़े बकायेदारों को चिह्नित करते हुए सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी संपत्तियों पर संपत्ति कर वसूलने के लिए अवकाश दिवसों में भी टैक्स विभाग कार्य कर रहा है। कई स्थानों पर कैंप भी लगाए जा रहे हैं।

### 12 दिन में 36 करोड़ 90 लाख हाउस टैक्स वसूली निगम का टारगेट




करंट क्राइम। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा बताया गया कि 31 मार्च के उपरांत बकाया हाउस टैक्स पर 12% का ब्याज भी लगेगा जिससे करदाताओं पर हाउस टैक्स की देयता बढ़ जाएगी जिससे पूर्व अपना हाउस टैक्स सभी करदाता जमा कर दें। लगातार अपील की जा रही है, 12% ब्याज लगने के लिए 12 दिन शेष बचे हैं जिसके लिए हाउस टैक्स वसूली की गति भी बढ़ रही है। कवि नगर जोन अंतर्गत बेहतर कार्य आवश्यक वसूली को लेकर किया गया है। 12 दिन के भीतर 21 करोड़ की वसूली वसुंधरा जोन को करनी है। विजयनगर को 90 लाख, मोहन नगर को 4 करोड़, कवि नगर को 2 करोड़ तथा सिटी जॉन को 9 करोड़ की वसूली लक्ष्य पूर्ति करते हुए करनी है।

### पार्षद अपने-अपने वार्ड में लगाएं कैंप

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी आवासीय तथा व्यवसायिक भवन पर हाउस टैक्स की वसूली जारी है। बड़े बकायेदार को टारगेट किया जा रहा है। 12 दिन के भीतर सभी सम्मानित करदाता अपना हाउस टैक्स अनिवार्य रूप से जमा कर दें अपील की जा रही है। पार्षदों द्वारा भी अपने-अपने वार्ड में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगवा कर दाताओं को हाउस टैक्स जमा करने के लिए जागरूक करें तथा टीम को समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### विवेचनाओं में लापरवाही पड़ी तीन इंस्पेक्टर और 12 सब इंस्पेक्टर को भारी

## कमिश्नरेट में 12 घंटे में 15 पुलिसकर्मी भेजे गए लाइन

**- सिटी जोन में पांच, ट्रांस हिंडन में एक और देहात में नौ पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लंबे समय बाद अधिकारियों की ओर से एक शन वाला सीन देखने को मिला है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन को मिलाकर बीते 12 घंटे के दौरान 15 पुलिसकर्मियों पर लाइन हाजिर वाली कार्रवाई की गई है।

सबसे पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में एक इंस्पेक्टर सहित चार सब इंस्पेक्टर को विवेचना में लापरवाही और समय पर निस्तारित नहीं करने पर हंटर चला। जिसके तहत सिटी जोन के अंतर्गत निरीक्षक कमल किशोर, उपनिरीक्षक सचिन मिश्रा और अंकित राठौर थाना नंदग्राम से हटाया गया। वहीं उपनिरीक्षक सत्येंद्र को विजय नगर व कवि नगर से उप निरीक्षक विकास कुमार को लाइन भेजा गया है।

**देहात जोन में हुई नौ पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई –** करंट क्राइम : लापरवाही और विवेचना ठीक प्रकार से न करने के मामले को लेकर ग्रामीण जोन के अंतर्गत एसीपी मोदीनगर के कार्यालय में इंस्पेक्टर अशोक कुमार के साथ ही सेवाधाम चौकी से नितिन कुमार, डीएलएफ से नरेंद्र, बहरामपुर से ब्रह्मजीत, रावली रोड से संजीव त्यागी, गंग नहर से सुरेंद्र सिंह, लोनी बॉर्डर से विशाल, मोदीनगर थाने से अंकित चौहान और वेव सिटी के वरिष्ठ उप निरीक्षक जयप्रकाश को लाइन हाजिर किया गया है। इसके साथ ही ट्रांस हिंडन जोन में भी इंस्पेक्टर उदयवीर को लाइन हाजिर किया गया है।

### बंपर कार्रवाई से पुलिसकर्मियों में हड़कंप

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस समय काम को समयबद्धता तरीके से निपटाने पर अधिकारी जोर दे रहे हैं। यही वजह है कि विवेचना में देरी और लापरवाही पर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर पर कार्रवाई हो रही है। बुधवार को एक के बाद एक तीनों जोन में जिस तरीके से पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है, उससे पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। वहीं एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपने अधीनस्थों को काम समय में रहते हुए ठीक प्रकार से करने के निर्देश दिए हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में जल्द ही जो चौकी और थानों से पुलिसकर्मी हटाए गए हैं ,वहां पोस्टिंग की जाएगी।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने अपने शब्दों से करा दिया ये एहसास

# मयंक गोयल की प्राथमिकता रहेगी सबको लेकर चलना साथ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल बाल्यकाल संघ कार्यकर्ता हैं। वो शुरू से ही एक ऐसी नर्सरी से निकले हैं जहां उनका व्यक्तित्व राष्ट्रवाद के संस्कारों के साथ निर्मित हुआ है। मयंक गोयल शानदार वक्ता हैं और वो संबोधन में ये जानते हैं कि शब्दों से किसी तरह से साधना है। बुधवार को भी जब ताजपोशी की बेला थी तो माइक मयंक गोयल के हाथ में आया और उन्होंने यहां अपने शब्दों से सभी को साधा। सभी ने उनकी तारीफ भी की। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मयंक गोयल अच्छे वक्ता हैं और संबोधन का ये क्रम आगे चला और यहां कई वक्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपनी बात रखी और सबसे खास बात ये थी कि मयंक गोयल ने जब माइक थामा तो उन्होंने सबका नाम तो लिया ही सबके नाम के साथ शब्दों के जरिये भी अपनी बात को साधा। मयंक गोयल ने सबसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया का उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान क्या होता है ये कोई क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया से सीखे। मयंक ने बताया कि जब सतेंद्र शिशौदिया अध्यक्ष रहें और कार्यकर्ता के नाते मैं मिलने पहुंचा तो उस समय आपको 103 डिग्री बुखार था। मैंने उसी समय कहा कि आप विश्राम करें और कार्यकर्ता और हम सब फिर कभी आ जाएंगे, लेकिन 103 डिग्री बुखार में भी सतेंद्र शिशौदिया ने कहा कि मुझे बुखार है ये मुझे पता है या तुम्हें पता है, लेकिन जो कार्यकर्ता उत्साह के साथ दूर से आए हैं उन्हें नहीं पता और सतेंद्र शिशौदिया कार्यकताओं से मुस्कराकर मिले। ये मैंने उन्हीं से सीखा कि कार्यकर्ता की भावना का सम्मान क्या होता है। इसके बाद मयंक गोयल ने पूर्व मेयर अशु वर्मा को पिता तुल्य बताया और उनके छह बार जेल जाने का जिक्र किया। अपने शब्दों से उन्होंने इस बात को बखूबी चित्रित किया कि पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पार्टी के लिये कितना संघर्ष किया है।

शब्द साधना का ये क्रम अनवरत जारी रहा और फिर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने शहर विधायक संजीव शर्मा के लिये भी अपने संबोधन में शब्द अलंकृत किये। उन्होंने कहा कि संजीव शर्मा अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष हैं और इसी क्रम में उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह को भी सवा लाख एक लड़ाऊ वाली कहावत से नवाजा तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की सादगी के बारे में भी कई बात कही। मयंक गोयल जिस तरह से अपने शब्दों से सभी के लिये अच्छे शब्द कह रहे थे उससे ये स्पष्ट था कि इरादा बिल्कुल साफ है, वो सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं।



### जो जिम्मेदारी मिली है पार्टी हित में उसे निभाएंगे मयंक गोयल: अतुल गर्ग

(करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बुधवार को भाजपा महानगर कार्यालय नहीं पहुंचे। दैनिक करंट क्राइम ने जब उन्हें तलाश कि तो उनकी लोकेशन दिल्ली में मिली। उन्होंने बताया कि वह पार्टी के कार्य से दिल्ली में मौजूद हैं। मयंक गोयल के अध्यक्ष वाले कार्यकाल को लेकर उन्होंने कहा कि मयंक गोयल उत्साही युवा हैं। पार्टी ने एक ऐसे व्यक्ति को पदभार सौंपा है जो उस पद के योग्य है। इस सम्मान के लिये मैं पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं और मुझे उम्मीद है कि महानगर अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी मयंक गोयल को मिली है उसे वह पार्टी हित में जरूर निभाएंगे।

### जब विधायक अजीतपाल त्यागी के लिए कहा- चुप रहो तो दुआ समझूं, कह दिया तो हुआ समझूं



(करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के लिये ऐसे शब्द कहे कि सबने इन शब्दों के मायने निकाले। उन्होंने एक तरह से अपने शब्दों के जरिये मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अजीतपाल त्यागी ऐसी विधानसभा से विधायक हैं जिस विधानसभा से यहां मौजूद 90 प्रतिशत नेता आते हैं। इसी विधानसभा से निकले हैं। उन्होंने मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस परिवार ने लंबे समय से क्षेत्र की सेवा की है। उन्होंने इसके बाद अजीतपाल त्यागी की प्रशंसा करते हुए अपने शब्दों से बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ये ऐसे विधायक हैं कि चुप रहे तो दुआ समझूं और कह दिया तो काम हुआ समझूं। मयंक गोयल ने अपने शब्दों के जरिये जो संदेश देना था वो दिया और ये एहसास करा दिया कि ताजपोशी में एक रोल रहा है। इसके बाद एक मौका ऐसा भी आया जब विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि इतनी तारीफ तो कुछ ज्यादा हो गई, तो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने फिर से अपने शब्दों को दोहराया और कहा कि मैं मंच से उतरकर भी अपने शब्द आपके लिये फिर से कह सकता हूं और इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया।

### जब पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल की मयंक गोयल ने की जमकर तारीफ




(करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। महानगर अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन में मयंक गोयल ने पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अनिल अग्रवाल एक ऐसे जनप्रतिनिधि रहे हैं जिनसे ये सीखा जा सकता है कि कार्यकर्ता के सम्मान में कैसे मैदान में आना है। मयंक गोयल ने कहा कि अनिल अग्रवाल ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिनके बारे में कह सकता हूं कि ये ऐसे जनप्रतिनिधि रहे हैं जो कार्यकर्ता के लिये अधिकारियों से भिड़ जाते हैं।

### जब संजीव ने कराया एहसास, इस पल का था चार महीने से इंतजार



(करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने एक तरह से अपना पदभार मयंक गोयल को सौंपा और अपने संबोधन में संजीव शर्मा ने जाते-जाते ये एहसास कराया। संजीव शर्मा ने माइक थामा और कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि इस पल का इंतजार मैं चार महीने से कर रहा था। शहर विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि मैंने अपने चुनाव के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष से ये निवेदन किया था कि चुनाव के दौरान कार्यवाहक अध्यक्ष की व्यवस्था कर दी जाए, लेकिन ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे दोनों ही व्यवस्थाएं एक-साथ संभालने का मौका भी दिया। संजीव शर्मा ने कहा कि आज मैं बहुत खुद हूं क्योंकि महानगर अध्यक्ष की कमान एक जिम्मेदार व्यक्ति को दी गई है। संजीव शर्मा ने कहा कि अक्सर एक लंबी लाइन खींचने की बात हो रही है तो मैं इस पर कहना चाहता हूं कि मैंने कोई लंबी लाइन नहीं खींची है। बल्कि जो लाइन है उस लाइन को अब मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष के रूप में आगे बढ़ाएंगे। मयंक गोयल ऊर्जावान नेता हैं और बेहतर वक्ता हैं।

# लैंड फॉर जॉब मामला : लालू यादव से करीब 4 घंटे तक चली पूछताछ

## 'लैंड फॉर जॉब' कथित घोटाला उस वक्त का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे



**पटना।** नौकरी के बदले जमीन मामले में मंगलवार को बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुईं। उसके बाद उनके बेटे तेजप्रताप यादव भी जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। ईडी ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को भी तलब किया है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

ईडी ने उन्हें पटना जोनल ऑफिस में पेश होने के लिए कहा है। तेज प्रताप और राबड़ी देवी को आज बुलाया गया था। जबकि लालू यादव को कल यानी बुधवार को बुलाया गया है।

- आरजेडी नेता मीसा भारती ने कहा, 'आज राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। हमने उनके द्वारा पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए। वे अपना कर्तव्य निभा रहे थे और हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी की और हमारे कार्यकर्ता जो बाहर थे वे अपना कर्तव्य निभा रहे थे। उन्हें (लालू यादव को) कल बुलाया गया है।'

- बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती से ईडी ने करीब 4 घंटे पूछताछ की। लैंड फॉर जॉब स्कैम घोटाले से जुड़े मामले में वे आज एजेंसी के सामने पेश हुईं।

- राबड़ी देवी से पिछले 4 घंटे से ईडी पूछताछ कर रही है। सुबह 10:30 बजे राबड़ी देवी ईडी दफ्तर पहुंची थीं।

- तेज प्रताप यादव से भी पिछले 2.5 घंटे से ईडी पूछताछ कर रही है। तेज प्रताप दोपहर 12:00 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे थे।

- राबड़ी देवी के बाद अब तेजप्रताप भी ईडी के दफ्तर पहुंच गए हैं।

- राबड़ी देवी ईडी दफ्तर पहुंच गई हैं। उन्हें जांच एजेंसी ने पूछताछ के लिए तलब किया था।

इसके पहले भी ईडी ने लालू यादव के पूछताछ की थी, तब बयान दर्ज किया जा चुका था लेकिन ईडी का कहना है कि अब कुछ नए सुबूत हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर अब फिर से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद कार्रवाई होगी।

### क्या है 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाला?

लैंड फॉर जॉब स्कैम केस पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से उनके परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं। सीबीआई ने 18 मई 2022 को लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल चुकी है।

### क्या है आरोप?

आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनसे संबंधित कंपनी एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी थी।

### क्या है मामला?

'लैंड फॉर जॉब' कथित घोटाला उस वक्त का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे। आरोप के मुताबिक, लालू यादव ने रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में लोगों को नौकरी देने के बदले उनसे जमीन ली थी। लालू यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे थे। दिल्ली की कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ 28 फरवरी 2023 को समन जारी किया था। इस घोटाले के सिलसिले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू फैमिली समेत 14 आरोपियों को समन जारी किया है। सभी आरोपियों को 15 मार्च को अदालत में पेश होने को कहा गया था। 15 मार्च को अदालत सभी आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आरोप तय किए थे। इस मामले में 10 अक्टूबर 2022 को सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी।

# दिल्ली सीसीटीवी परियोजना: 571 करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन पर केस दर्ज?



**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) मधुर वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। वर्मा ने कहा, ह्यजैन पर आरोप है कि दिल्ली भर में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के क्षतिपूर्ति जुमार्ने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया।

यह छूट कथित तौर पर सात करोड़ रुपये की रिश्वत लेने के बाद दी गई। वर्मा ने कहा कि कई शिकायतों से पता चला है कि परियोजना का क्रियान्वयन घटिया तरीके से किया गया तथा कई कैमरे सौंपे जाने के समय काम नहीं कर रहे थे।

# कातिलाना 'मुस्कान' की दिल दहला देने वाली कहानी

## पहले प्रेमी साहिल के साथ किया नशा, फिर पति सौरभ की लाश के किए टुकड़े-टुकड़े

**मेरठ।** यूपी के मेरठ जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इसके बाद लाश के टुकड़े किए। टुकड़ों को ड्रम में भरा और ऊपर से सीमेंट का घोल बनाकर उसमें भर दिया। ड्रम में घोल इतना पक्का हो गया कि उसे तोड़ना मुश्किल हो गया, जब ड्रम नहीं टूटा तो उसे मोर्चरी में ऐसे ही भेज दिया गया।

दरअसल, मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना इलाके के इंदिरा नगर में रहने वाला सौरभ कुमार अपनी जिस पत्नी मुस्कान से बहुत प्यार करता था उसने ही उसके कत्ल की पटकथा लिख डाली। मुस्कान के लिए सौरभ अपने घरवालों से लड़ा और लव मैरिज की थी। अब उसी मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ को खौफनाक तरीके से मौत दे दी। पहले उसके सीने में चाकू घोंपा, इसके बाद बाथरूम में लाश के टुकड़े किए। टुकड़ों को एक प्लास्टिक के ड्रम में भरा, फिर सीमेंट का घोल बनाकर ऊपर से ड्रम में भर दिया।







### हत्या के बाद मुस्कान प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई

चार मार्च को हत्या करने के बाद पांच मार्च को मुस्कान प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ शिमला घूमने चली गई। 17 मार्च को लौटने के बाद उसके परिजनों ने दामाद सौरभ के बारे में पूछा, तो मुस्कान ने सबकुछ बता दिया। इसके बाद मंगलवार को प्रमोद कुमार अपनी बेटी मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर सौरभ के शव को बरामद किया।

**पूरा ड्रम भेजा गया मोर्चरी :** पुलिस ने ड्रम में सीमेंट और डस्ट का घोल सूख जाने और उसमें शव के टुकड़े फंस जाने के कारण पहले मजदूरों को बुलाकर ड्रम को तोड़ने का भी प्रयास किया। लेकिन बाद में पूरे ड्रम को ही मोर्चरी भेज दिया।

**रास्ते से हटाने के लिए की सौरभ की हत्या: एसपी सिटी –** एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सौरभ अपनी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल के संबंधों में बाधा बन गया था। उसे रास्ते से हटाने के लिए मुस्कान और साहिल ने वारदात को अंजाम दिया। दोनों ने मिलकर बेरहमी से सौरभ की हत्या कर दी।

**सौरभ और मुस्कान ने किया था प्रेम विवाह :** सौरभ कुमार अनुसूचित जाति से था। सौरभ कुमार की नौ साल पहले शुरू हुई प्रेम कहानी का खौफनाक अंत हुआ है। नौ साल पहले 2016 में पड़ोसी में रहने वाली मुस्कान रस्तोगी से सौरभ का प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। इसी वर्ष सौरभ की मर्चेंट नेवी में नौकरी लग गई और दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। सौरभ ने एक साल बाद नौकरी छोड़ दी और मेरठ में ही दिल्ली रोड स्थित एक प्लाईवुड की दुकान पर तीन साल नौकरी की। बाद में वह लंदन चला गया और मॉल में सेल्स मैनेजर की नौकरी करने लगा था।

दोनों की पांच साल की बेटी पीहू है। सौरभ पत्नी और बेटी के साथ इंदिरानगर में ओमपाल के मकान में तीन साल से किराये पर रह रहा था। पिता मुन्नालाल, भाई बबलू और मां रेनू ब्रह्मपुरी में ही अलग रह रहे हैं। बताया जाता है कि सौरभ का परिवार इस प्रेम विवाह से खुश नहीं था। इसलिए सौरभ अपनी पत्नी मुस्कान को लेकर अलग रहने लगा था। हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है। सौरभ नौकरी के कारण कई महीनों बाद आता था। इसी वजह से साहिल शुक्ला और मुस्कान की नजदीकियां बढ़ गईं।

**सौरभ ने देख ली थी पत्नी की चेटिंग :** करीब दो साल पहले वर्ष 2023 में मुस्कान और साहिल की फोन पर चेटिंग सौरभ ने देख ली थी। जिसको लेकर दंपती में अक्सर विवाद रहने लगा। उधर, इसकी जानकारी लगने पर साहिल भी मुस्कान से शादी करने की जिद करने लगा। सौरभ ने पत्नी को तलाक नहीं दिया और लंदन में नौकरी करता रहा। इस बीच सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था। दोनों को धूमधाम से मनाया गया।

**पति को बेहोश कर प्रेमी को घर बुलाया :** चार मार्च की रात मुस्कान ने सौरभ को खाने में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर दिया।

# एमसीडी बजट : भाजपा पार्षदों ने बजट की प्रति फाड़कर हवा में उछाली, सदन में जबरदस्त हंगामा

**नई दिल्ली।** एमसीडी बजट पास करने के दौरान भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने सदन में जबरदस्त हंगामा किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पार्षद और सदन के नेता मुकेश गोयल ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों के घेरे के बीच बजट पास करने की औपचारिकता पूरी की। इस दौरान उन्होंने मेयर से आग्रह किया कि उनके बजट भाषण को पढ़ा हुआ माना जाए, जिसे मेयर ने स्वीकार किया।

वहीं, भाजपा के पार्षदों ने उन्हें बजट की औपचारिकता पूरी करने से रोकने के लिए आप पार्षदों के साथ धक्कामुक्की करने की भी कोशिश की। मगर आम आदमी पार्टी के पार्षदो ने उनको आगे नहीं आने दिया। बजट



की औपचारिकता पूरी होने के अंत में भाजपा के पार्षद मेयर के आसन के ऊपर चढ़ गए, इस दौरान आयुक्त सदन से बाहर चले गए। भाजपा पार्षदों के हंगामा के बीच बजट पास करने की औपचारिकता पूरी हुई। हंगामा बंद नहीं होने पर मेयर ने 10 मिनट के लिए बैठक स्थापित की।

इससे पहले भाजपा पार्षदों ने मेयर का माइक तोड़ दिया, इस कारण उन्होंने अन्य माइक से सदन का संचालन किया। हंगामा के दौरान भाजपा पार्षदों ने बजट की प्रति फाड़कर हवा में उछाली। इस दौरान भाजपा और आम आदमी पार्टी के पार्षदों में एक दूसरे के खिलाफ खूब नारेबाजी की।

### क्या होता है कट मोशन?

निगम का बजट अलग-अलग मदों में विभाजित होता है। मदों को अलग-अलग लेखा शीर्ष के नाम से विभाजित किया जाता है। नियमानुसार इन्हीं मदों से उल्लेखित किया जाता है कि जो खर्च हो रहा है वह किस मद में हो रहा है। इसमें वेतन से लेकर विकास कार्यों, सड़क निर्माण, अन्य खर्चों के मद विभाजित होते हैं।

# अब बारिश में नहीं डूबेगी दिल्ली! : एलजी ने किया सुनहरी पुल नाले का निरीक्षण, सीएम रेखा बोलीं- मशीन से हटाई जाएगी गाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री प्रवेश वर्मा और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दयाल सिंह कॉलेज के पास डीटीसी बस डिपो के अंदर सुनहरी पुल नाले को ढकने के काम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हम यहां मशीनों से ट्रायल कर रहे हैं। सालों से गाद पड़ी है, जो पत्थर बन चुकी है। उसे किसी तरह से निकाला जाएगा। यहां फायर की मशीनें लगी हुई हैं। हर तरह की मशीन लगाई गई है। अलग-अलग एजेंसी को भी समाधान के लिए बुलाया गया है। बारिश के मौसम के लिए दिल्ली तैयार की जा रही है।



मानसून में सड़कों पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली सरकार पूरा जोर लगा रही है। बीते रविवार को एलजी वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने कई नालों की सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया था।

पिछले मानसून में जलभराव और स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद एलजी के निर्देश पर कई नालों की सफाई का काम शुरू किया गया था। इनमें प्रमुख रूप से बारापुला, सुनहरी और कुशक नाला शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान एलजी ने कहा था कि जलभराव की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डूसिब, आईएंडएफसी और अन्य सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। कहा गया कि वे मानसून से पहले ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और सुधार कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि जब तक बड़े नालों की पूरी तरह से सफाई नहीं होगी और जल वहन करने की क्षमता नहीं बढ़ेगी, तब तक जलभराव की समस्या बनी रहेगी। बारापुला और सुनहरी पुल सहित प्रमुख नालों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी से जलभराव होता है।

# दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक पर लगेगा ताला!

## दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया निदेशालय कर रहा जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुविधाएं उपलब्ध न करवा रहे मोहल्ला क्लीनिक बंद होंगे। साथ ही निजी जगहों पर खोले गए मोहल्ला क्लीनिक को लेकर भी जांच तेज होगी। इसके अलावा दिल्ली में मई तक करीब एक लाख लोगों को आयुष्मान की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मंगलवार को विशेष बातचीत के दौरान दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा एक-एक विधानसभा में काफी मोहल्ला क्लीनिक किराये की जगह पर चल रहे हैं। इनका किराया करीब 35-35 हजार रुपये तक है। जबकि दिल्ली सरकार के पास सरकारी जगह उपलब्ध है।

**160 मोहल्ला क्लीनिक, जो किराये पर :** दिल्ली स्वास्थ्य निदेशालय इसकी जांच कर रहा है। जब सरकार के पास सरकारी जगह उपलब्ध है तो उन्हीं जगहों पर मोहल्ला क्लीनिक की सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। इसके अलावा केंद्र सरकार की योजना के तहत प्राथमिक



उपचार केंद्रों पर डे केयर की सुविधा भी उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली में ऐसे भी मोहल्ला क्लीनिक हैं, जो बंद हैं या सेवाएं नहीं दे रहे। सरकार इन्हें बंद करने का विचार कर रही है। दिल्ली में करीब 160 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जो किराये की जगह पर चलते हैं। इन्हें लेकर भी सवाल है।

**अगले दो माह में एक लाख लोगों के पास होगा आयुष्मान :** दिल्ली में मई माह में एक लाख लोगों के पास आयुष्मान की सुविधा होगी। मंत्री पंकज सिंह का कहना है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आयुष्मान भारत योजना के लिए समझौता करेंगे। समझौता होने के बाद एक महीने के अंदर करीब एक लाख लोगों को इसकी सुविधा दी जाएगी।

**दवाओं की खरीद में आएगी पारदर्शिता :** दिल्ली के अस्पताल सहित दूसरे जगहों के लिए दवा व उपकरण की खरीद में पारदर्शिता आएगी। मंत्री ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि अस्पताल स्थानीय स्तर पर दवा न खरीदे, बल्कि सभी अस्पतालों के लिए केंद्रीय स्तर पर सुविधा विकसित हो।

# रंगपंचमी पर भोपाल में टैंकरों से रंगों की बरसात

## पारंपरिक चल समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में रंगपंचमी के अवसर परश्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में पारंपरिक चल समारोह का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि इस बार चल समारोह हिंदू उत्सव समिति ने इंदौर के गेर के तर्ज पर निकला। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों पर टैंकरों से रंगों की बरसात की गई। चल समारोह में झांकियां भी नजर आई, जिनमें शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और ब्रज की होली की झलक देखने को मिली। साथ ही ढोल-ताशे, डीजे, दुल-दुल घोड़ी, ऊंट, घोड़े और फूल-गुलाल उड़ाने वाली मशीनों ने इस उत्सव की रौनक को दोगुना कर दिया। इसके साथ ही भोपाल के गली-गली, चौक-चौराहों और कॉलोनियों में रंगों और गुलाल की बौछार देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी उम्र के लोग अबीर-गुलाल उड़ाते हुए, ढोल की थाप पर नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का आनंद लिया।

**6 टैंकरों से लोगों पर बरसाया गुलाल :** यह चल समारोह चौक से शुरू होकर घोड़ा नक्कास, कुंदन नमकीन, जुमेराती से होते हुए पीर गेट स्थित कर्फ्यू वाली माता के मंदिर पर पहुंचा।

# 27 साल बाद मिला न्याय: मासूम की गवाही से धुला पिता के माथे से हत्या का दाग

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में सात साल की बच्ची की गवाही को आधार बनाते हुए बच्ची के पिता को दोषमुक्त करार दिया। बच्ची के पिता पर अपनी पत्नी को जला कर मारने का आरोप था। करीब 27 साल पुराने मामले में युवक को ट्रायल कोर्ट द्वारा हत्या का दोषी पाया गया था। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह और न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अदालत ने पाया कि बच्ची के बयान दर्ज कराते समय उसकी उम्र सात वर्ष थी और वह सच और झूठ में फर्क करना जान रही थी। ऐसे में उसके बयान पर भरोसा किया जा सकता है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सुशील कुमार उर्फ राजू की अनीता रानी से वर्ष 1991 में शादी हुई थी। वर्ष 1998 में अनीता रानी को अधजली हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के चार दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हालांकि घटना के 48 दिन बाद अनीता की मौत हो गई। सुशील को पत्नी को जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2002 में सुशील को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। ट्रायल कोर्ट के आदेश के 23 साल बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलट दिया और सुशील कुमार को दोषमुक्त करार दिया है।

अदालत ने कहा कि घटनास्थल एक बेहद घनी आबादी के बीच है। इसके बावजूद अभियोजन पक्ष ने एक



भी गवाह पेश नहीं किया है। इसके अलावा घटना के बयानों में भी विरोधाभास है। महिला के बयान के आधार पर भी वह खुद ही चलकर अस्पताल पहुंची है और पीछे के दरवाजे से भाग जाने की जानकारी गलत पाई गई क्योंकि घटना स्थल पर कोई भी पीछे का दरवाजा मौजूद ही नहीं था।

**2001 में बेटी ने दर्ज कराए थे बयान :** वर्ष 2001 में सुशील कुमार की बेटी शिल्पा ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए थे। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने बच्ची से पूछा कि क्या सच बोलना अच्छा है या बुरा। इसके जवाब में शिल्पा ने कहा कि सच बोलना अच्छा है, जिसके बाद मजिस्ट्रेट ने लिखा कि वह बच्ची के जवाबों से संतुष्ट हैं और बिना किसी शपथ के उसका बयान दर्ज करा रहे हैं। शिल्पा ने बताया कि उसकी मम्मी ने खुद के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर पड़ोसी की आंटी को बुलाने के लिए भेजा।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


करंट क्राइम ट्वीट का करंट

ABhishek Dhirendra Bhati
12h

चला था जिक्र मेरी खामियों का
महफ़िल में
जो लोग बहरे थे
उनको सुनाई देने लगा




# मयंक गोयल ने विधिवत संभाली भाजपा महानगर अध्यक्ष की कमान

## क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा सहित वरिष्ठों ने दिया आशीर्वाद

## पहले पत्नी संग कार्यालय में किया पूजन और फिर हुआ पदभार ग्रहण समारोह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मयंक गोयल ने मंगलवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर पहले पत्नी संग हवन पूजन किया। इस दौरान भाजपा महानगर गाजियाबाद मुख्यालय पर 11 ब्राह्मणों ने विधिविधान के साथ हवन एवं पूजा अर्चना की। फिर भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष मयंक गोयल ने पदभार ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और पद मिलने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। इस दौरान मयंक गोयल ने मंच से कहा कि अगर उनसे किसी भी प्रकार की कोई गलती हो तो पार्टी और मंच पर मौजूद एक-एक व्यक्ति उनको सही सलाह दे और मार्गदर्शन करें। इसके साथ ही उन्होंने संगठन को साथ लेकर चलने, भविष्य के चुनाव के लिए पूरी मेहनत करने और गाजियाबाद महानगर संगठन और पार्टी को नए आयाम तक पहुंचाने की शपथ भी ली। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने विधिवत रूप से मयंक गोयल को पदभार ग्रहण कराया। तो वहीं मयंक गोयल ने भी क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिसोदिया का शॉल उड़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर सत्येंद्र सिसोदिया के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मयंक गोयल का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी।











### मयंक गोयल ने कहा अगर मेरे से हो कोई गलती, तो कान खींच सकते हैं आप



**करंट क्राइम :** बुधवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने पहले विविधवत रूप से पूजा अर्चना की और फिर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उनको आशीर्वाद देने के लिए भाजपा के शीर्ष नेताओं और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। संबोधन करते हुए मयंक गोयल ने सबसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का नाम लिया और फिर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम लिया। इसके बाद उन्होंने विधायक अजीत पाल त्यागी का नाम लेते हुए कहा कि यदि चुप रहे तो समझो दुआ है और कह दिया तो काम हुआ। उन्होंने मानसिंह गोस्वामी की तारीफ की तो शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व को भारतीय जनता पार्टी का सबसे बेहतर कार्यकाल बताते हुए उनसे भी आशीर्वाद लिया। इस दौरान मयंक गोयल ने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता की जय के साथ की। उन्होंने इस मौके पर अपना कविता के माध्यम से अलग अंदाज प्रस्तुत किया। तो मंच पर विराजमान भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का नाम भी लिया। तो सामने बैठे पदाधिकारियों को भी साथ लेकर चलने का वचन दिया। इस मौके पर मयंक गोयल ने कहा कि अगर उनसे किसी प्रकार की कोई गलती हो तो मंच पर जितने भी वरिष्ठ बैठे हैं, वह उनके कान खींच सकते हैं। उन्होंने बीते लंबे समय में राजनीति में वरिष्टों से बहुत कुछ सीखा है और वह इस काम को आगे भी करते रहेंगे।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कार्यकर्ता नेताओं की पूंजी हैं इसे संजोकर रखें



**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भी मयंक गोयल के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने पहले मयंक गोयल का स्वागत किया, फिर उन्हें आशीर्वाद दिया और फिर संजीव शर्मा, सत्येंद्र सिसोदिया, आशु वर्मा, आशा शर्मा ने मयंक गोयल को अध्यक्ष वाली कुर्सी पर बैठाया गया। मयंक गोयल को मिठाई व लड्डू खिलाए गए। इस दौरान मंच से बोलते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महानगर अध्यक्ष पद जिम्मेदारी वाला और महत्वपूर्ण पद है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नेताओं की पूंजी होती है। इसे संजोग कर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मयंक गोयल को राजनीति का अच्छा अनुभव है। उनकी परवरिश भी राजनीतिक परिवार में हुई है, जिसका उनका लाभ मिलेगा। सतेंद्र सिसोदिया ने मयंक गोयल को सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और पार्टी को मजबूती प्रदान करने की सीख भी दी।

### संजीव शर्मा ने कहा अब मुझे विधायक कहेंगे लोग



**करंट क्राइम :** सदर विधायक संजीव शर्मा ने मयंक गोयल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि मैंने खुद महानगर अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और मुझे पता है कि यह पद संगठन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। पार्टी द्वारा उनको विधायक बनने का मौका मिला, बीते 4 महीनों से वह विधायकी और महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी साथ-साथ निभा रहे थे। इसमें संगठन ने भी उनपर यह भरोसा जताया है। इस दौरान संजीव शर्मा ने कहा कि बीते 4 महीने से तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनको अध्यक्ष जी ही कह रहे थे। उन्होंने हंसते हुए कहा कि अब मयंक गोयल नए अध्यक्ष बन गए हैं तो लोग उनको विधायक जी कहना शुरू कर देंगे।

### कार्यक्रम रहा शानदार, लंबा चला स्वागत-आशीर्वाद कार्यक्रम



**करंट क्राइम :** मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद पदभार ग्रहण कार्यक्रम बेहद विस्तृत रहा। बड़ी संख्या में इसमें भाजपा के पुराने और शीर्ष कार्यकर्ताओं से लेकर अलग-अलग संगठन के लोग पार्षद और जनप्रतिनिधि भी नजर आए। सभी ने मयंक गोयल को शुभकामना दी। तो इस अवसर पर पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि भाजपा मूलमंत्र संगठन और सेवा है। मयंक गोयल इस पर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। गाजियाबाद में भाजपा संगठन पहले से ही मजबूत और अब उनके नेतृत्व में यह अधिक प्रभावशाली बनेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि मयंक गोयल उनके भतीजे हैं और बुआ के रूप में वह उन्हें आशीर्वाद देती हैं कि वह अपने अध्यक्ष वाले कार्यकाल को बेहतर ढंग से चलाएंगे।

### जब पूर्व महापौर आशा शर्मा और अशु वर्मा के बीच हुई मंच पर लॉफिंगवार




**करंट क्राइम :** मयंक गोयल के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व महापौर आशा शर्मा मंच से बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं को याद रखना चाहिए कि एक न एक दिन तो उनके पद और कार्यकाल के आगे पूर्व लगना ही है। इसके बाद आशा शर्मा ने अंग्रेजी में दो लाइन सुनाई, जिस पर पूर्व महापौर आशु वर्मा ने हंसी के अंदाज में चुटकी ली और कहा कि अच्छा अंग्रेजी में बोल रही हो। इस पर आशा शर्मा ने कहा हां अंग्रेजी मुझे भी आती है और दोनों के बीच मंच से यह हंसी वाली वार का सीन सबने देखा तो सब मुस्कुरा दिए।

### इनकी रही कार्यक्रम में उपस्थिति











**करंट क्राइम :** पदभार ग्रहण समारोह में बलदेव राज शर्मा, जगदीश साधना, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, कृषक समाज नेता कृष्ण वीर चौधरी, सरदार एसपी सिंह, अमर दत्त शर्मा, मानसिंह गोस्वामी, महापौर सुनीता दयाल, सच्चिदानंद शर्मा, राजेन्द्र त्यागी, अनिल स्वामी, डीएन सिंह, राजेश्वर प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, डॉ वीरेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी, रनिता सिंह, प्रीति चंद्रा, गोपाल अग्रवाल, बॉबी त्यागी, राजेश सिंह, इंदु जौहरी, धीरज शर्मा, संजय झा, गुंजन शर्मा, संजय कांत शर्मा, संजय रावत, संजीव चौधरी, दिवाकर सिंघल, सुरेन्द्र नागर, संदीप वर्मा, गौरव चौपड़ा, अश्वनी शर्मा, डा. उदिता त्यागी, रेनू चंदेला, भक्ति सिंह, प्रिया प्रियदर्शिनी, मीना भंडारी, पूनम कौशिक, अमृता सिंह, अनीता शर्मा, शीतल चौधरी, पूनम सिंह, अमित त्यागी, राहुल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चर्चा में रहा कार्यक्रम में वैश्य जनप्रतिनिधियों का नजर नहीं आना

## मेयर सुनीता दयाल ने अंतिम समय में पहुंचकर चर्चा को दिया विश्राम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष बनें और बुधवार को उन्होंने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक पहुंचे, पूर्व विधायक पहुंचे, लेकिन मौजूदा सांसद नहीं पहुंचे और पूर्व सांसद पहुंचे। सार ये था कि महानगर अध्यक्ष की बिरादरी के जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम से दूरी बना गए। कार्यक्रम में मेयर सुनीता दयाल नहीं दिखाई दीं। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग नहीं थे।

कार्यक्रम में एमएलसी दिनेश गोयल भी नहीं पहुंचे। पूरे कार्यक्रम के दौरान ये चेहरे नजर नहीं आए। ये चर्चा शुरू हो गई कि वैश्य समाज के जनप्रतिनिधि क्यों नहीं आए हैं। जबकि खास बात ये भी थी कि इन जनप्रतिनिधियों से जुड़े कई अन्य चेहरे भी इस कार्यक्रम से दूर रहे। चर्चा यही थी कि हो सकता है कि एमएलसी दिनेश गोयल कहीं बाहर हो। सांसद अतुल गर्ग किसी आवश्यक कार्य से दिल्ली से ना पाए हों। यहां यहां चर्चा के इस दौर को मेयर सुनीता दयाल ने विश्राम दिया। जब कार्यक्रम लगभग खत्म होने वाला था तब मेयर सुनीता दयाल कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर मयंक गोयल को बधाई दी। हालांकि यहां अनिल अग्रवाल मौजूद थे, लेकिन वो अब पूर्व हो चुके हैं और राजनीति में ऐसे मौकों पर सब छोटी-छोटी बातों से भी बड़े संदेश निकाले जाते हैं। यहां मंच के पीछे जो बैकड्रॉप बैनर लगा था उस बैनर में दिखाई दे रहे फोटो एहसास करा रहे कि इन चेहरों को महत्वपूर्ण माना गया है। लिहाजा ऐसे में जब बिरादरी के जनप्रतिनिधि ही नहीं पहुंचे तो फिर इसकी चर्चा होनी भी स्वाभाविक थी।

### पुराने चेहरों की मौजूदगी का भी रहा एक अलग ही संदेश

**करंट क्राइम।** मयंक गोयल भाजपा महानगर अध्यक्ष हैं। वो ऐसे परिवार से आते हैं जहां संघ संस्कारों का समावेश है। उनकी माता स्व. दमयंती गोयल गाजियाबाद की प्रथम महिला मेयर रही हैं। मयंक गोयल अध्यक्ष वाले दायित्व से पहले भी महानगर और क्षेत्रीय टीम में अलग-अलग दायित्वों पर रहे हैं। बुधवार को जब भाजपा महानगर कार्यालय पर उनके पदभार ग्रहण का कार्यक्रम था तो यहां कई वरिष्ठ चेहरे भी दिखाई दिये। बड़ी बात ये थी कि पार्टी के ये वरिष्ठ चेहरे मंच से लेकर कार्यक्रम स्थल तक मौजूद थे। ये वरिष्ठ चेहरे मयंक गोयल को आशीर्वाद भी दे रहे थे और कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करा रहे थे। ये एक संदेश आने वाले समय के लिये था कि मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष वाली पारी में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भी सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। कई ऐसे वरिष्ठ चेहरे भी कार्यक्रम में पहुंचे थे जो एक लंबा प्रोफाइल लिये हुए हैं। मयंक गोयल के साथ अनुभवी चेहरों की ये टीम एक अच्छा संकेत है।

# क्या कमिश्नरेट में कम हो रहा है इंस्पेक्टर राज

## 12 थानों पर टू-स्टार संभाल रहे हैं थाने वाली कमान

### - सिटी जोन में नहीं है एक भी प्रभारी टू-स्टार, देहात में है पूरी भरमार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बनने के बाद धीरे-धीरे यहां इंस्पेक्टर राज पर कमी आने लग रही है। सिटी को छोड़ दिया जाए तो देहात और नदिया पार वाले जोन में उप निरीक्षक थानाध्यक्षों की भरमार है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत 25 थानों में से एक दर्जन में उपनिरीक्षक कमान संभाले हुए हैं। तो वहीं बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर लाइन और साइड लाइन पोस्टिंग पर तैनात हैं। वहीं कमिश्नरेट में प्रत्येक थाने में प्रभारी के अलावा भी कई निरीक्षक हैं, जो अन्य काम देख रहे हैं। तो सब इंस्पेक्टर की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।




### सिटी जोन में नहीं है एक भी टू-स्टार प्रभारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी जोन केवल ऐसा एरिया है, जहां पर किसी भी थाने की कमान टू-स्टार के हाथों में नहीं है। यहां कवि नगर, सिहानी गेट, विजय नगर, घंटाघर कोतवाली, नंदग्राम और मधुबन बापूधाम थाना आता है। जिसमें मधुबन बापूधाम थाने में वर्तमान में आईपीएस अधिकारी ट्रेनिंग पर चल रहे हैं। तो अन्य पांचो थानों में इंस्पेक्टर स्तर के प्रभारी नियुक्त हैं।

### देहात के 12 थानों में आठ में तैनात हैं टू-स्टार

करंट क्राइम : देहात जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आबादी, क्षेत्रफल और थानों की संख्या के हिसाब से सर्वाधिक विस्तृत है। यहां कुल 12 थाने आते हैं। जिसमें क्रॉसिंग रिपब्लिक, वेव सिटी, मुरादनगर, मोदीनगर, निवाड़ी, भोजपुर, मसूरी, लोनी, लोनी बॉर्डर, ट्रोनिक सिटी, अंकुर विहार और महिला थाना आता है। जिसमें लोनी बॉर्डर, मसूरी, निवाड़ी और मोदीनगर को छोड़कर सभी थानों पर टू-स्टार यानी उप निरीक्षक स्तर के थाना प्रभारी हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात जोन में अधिकारी थ्री-स्टार से ज्यादा भरोसा टू-स्टारों पर जाता रहे हैं।



### नदिया पार में भी तीन प्रभारी हैं टू-स्टार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत खोड़ा, कौशांबी, इंदिरापुरम, लिंक रोड, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन और टीलामोड़ थानाक्षेत्र आते हैं। जिसमें कौशांबी, लिंक रोड और टीलामोड़ थाने पर वर्तमान में टू-स्टार थानाध्यक्ष वाली भूमिका में है जबकि अन्य पर प्रभारी निरीक्षक की भूमिका इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही एचटीयू थाने पर भी महिला सब इंस्पेक्टर हैं। तो वहीं महिला थाने की कमान भी महिला उप निरीक्षक के हाथों में है।

## संपादकीय

# राजनेताओं की जिम्मेदारी

नागपुर में सोमवार की हिंसा से पता चलता है कि अतीत से जुड़े द्वेषपूर्ण विमर्श कैसे त्रासद स्थितियाँ पैदा कर सकते हैं। औरंगजेब पर दिए बयानों ने तनाव बढ़ाया और प्रशासन की तैयारी नाकाफी रही। नेताओं को समझदारी और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। महाराष्ट्र का नागपुर शहर सोमवार को जिस तरह की हिंसा के दृश्यों का गवाह बना, वह इस बात का खतरनाक संकेत है कि अतीत से जुड़े द्वेषपूर्ण विमर्श देश को किस तरह की त्रासद स्थितियों में झोंक सकते हैं। प्रदेश में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर पिछले कई दिनों से दिए जा रहे बयान न केवल गैरजरूरी, बल्कि लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण विकास की उस राह में रोड़े खड़े करने वाले हैं, जिस पर आजादी के बाद से देश ने लंबा सफर तय किया है।

कानून–व्यवस्था इसमें दो राय नहीं नागपुर में हुई घटनाएं पहली नजर में कानून–व्यवस्था से जुड़े तंत्र की नाकामी की ओर इशारा करती हैं। जिस तनावपूर्ण माहौल में दक्षिणपंथी संगठनों ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन आयोजित किए, उसने मामले को भड़काने में अहम भूमिका निभाई। ऐसे माहौल में अफवाहों का बाजार गर्म हो ही जाता है। उनसे निपटने की जैसी तैयारी पुलिस और प्रशासन की होनी चाहिए थी, वह जाहिर तौर पर नहीं थी।

राजनीति की गैरजिम्मेदारी यह सही है कि शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी पुलिस–प्रशासन की होती है, लेकिन राजनीति उससे पूरी तरह पल्ला नहीं झाड़ सकती। ऐसा नहीं हो सकता कि आप आग लगाने वाले बयान जारी करते रहें और आग लगने के बाद सारा दोष प्रशासन के मत्थे मढ़ दें। मौजूदा मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय नहीं दे सके।

यह कैसा विमर्श वहीं, अतीत के सवालों को जिस आक्रामक तरीके से उठाया जा रहा है, उससे ऐसा लगता है कि इतिहास की कब्र में दफन मुर्दे उखाड़ना आज की राजनीति के लिए मौजूदा चुनौतियों से निपटने से ज्यादा जरूरी हो गया है। दरअसल, ऐतिहासिक प्रतीकों पर सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करना होगा। इस बात की परवाह किए बगैर कि उससे उनकी सियासत पर क्या असर होता है। यह बात भी याद रखनी चाहिए कि हिंसा–अस्थिरता के माहौल में निवेशक पीछे हट जाते हैं, जिससे विकास गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है।

जनकल्याण की कसौटी राजनीतिक दलों को वक्त रहते इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उनके तौर–तरीके देश और समाज को किस तरफ ले जा रहे हैं। वोट हासिल करना उनके अस्तित्व की सार्थकता का सिर्फ एक पहलू है। उन्हें जनकल्याण की ज्यादा बड़ी कसौटियों पर भी खुद को और अपनी नीतियों को कसना है।

# एस जयशंकर बोले :आप पसंद करें या न करें, टैरिफ व प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल अब सच्चाई'



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं।

जयशंकर ने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा कमिसार और पूंजीपतिः राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था के दौरान यह टिप्पणी की।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारत सहित विभिन्न देशों से आयातित वस्तुओं पर विभिन्न टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जयशंकर ने कहा, यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। इससे पहले 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने विभिन्न देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

## कर्ज घटने और सरकारी प्रोत्साहन से निजी क्षेत्र में निवेश का नया दौर



**नई दिल्ली।** देश का निजी क्षेत्र एक दशक पहले की तुलना में अब निवेश करने की बेहतर स्थिति में है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, निजी कंपनियों की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे उन्हें नए निवेश करने में आसानी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, निजी कंपनियों ने कुछ वर्षों में कर्ज लगातार कम किया है। इससे उनका खाता–बही मजबूत हुआ है। यह कम पूंजीगत खर्च, बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पहल, नए शेयर जारी करने और बेहतर क्षमता उपयोग के कारण हुआ है। कंपनियों के कर्ज की तुलना में नेटवर्थ अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह वित्त वर्ष 2015 में 1.05 गुना से घटकर 2025 में अनुमानित 0.50 गुना हो गया है। इससे कंपनियों के पास विस्तार के लिए नया कर्ज लेने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। एनपीए घटने से कर्ज मिलने में सुविधा बैंकों का एनपीए घटने से उद्योगों को कर्ज मिलने में सुविधा हो रही है। 2017 से 2021 के बीच सरकारी बैंकों के 3.3 लाख करोड़ से अधिक के पुनर्पूंजीकरण से उन्हें खाता–बही को साफ करने और पूंजीगत ताकत में सुधार करने में मदद मिली है। बैंकों का सकल एनपीए मार्च, 2018 के 11.2 फीसदी से घटकर मार्च, 2025 में 2.5 फीसदी रह गया है। सरकारी नीतियों से मिल रहा प्रोत्साहन रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी नीतियों ने भी निजी निवेश को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उत्पादन–लिंक्ड प्रोत्साहन योजना, मेक इन इंडिया पहल, एफडीआई नीतियों, कॉरपोरेट कर में कटौती, बुनियादी ढांचे का विकास और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे ने निवेश के माहौल को बेहतर बनाने में योगदान दिया है।

# इस्पात उत्पादों पर 200 दिनों के लिए 12% सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश



**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने घरेलू इस्पात उत्पादकों को आयात में वृद्धि से बचाने के उद्देश्य से कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत का अनंतिम सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है। पिछले साल दिसंबर में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने फैब्रिकेशन, पाइप निर्माण, निर्माण, पूंजीगत सामान, ऑटो, ट्रैक्टर, साइकिल और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित विभिन्न उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले 'गैर-मिश्र धातु और मिश्र धातु स्टील फ्लैट उत्पादों' के आयात में अचानक वृद्धि की जांच शुरू की थी। भारतीय इस्पात संघ की शिकायत के बाद यह जांच की गई।

निदेशालय ने अपनी जांच में प्रारंभिक रूप से पाया है कि भारत में इन उत्पादों के आयात में हाल ही में अचानक, तीव्र और महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिससे घरेलू उद्योग/उत्पादकों को गंभीर क्षति पहुंचने का खतरा है।

निदेशालय ने 18 मार्च को जारी अधिसूचना में कहा है कि ऐसी गंभीर परिस्थितियां मौजूद हैं, जहां अनंतिम सुरक्षा उपायों के लिए आवेदन में किसी भी प्रकार की देरी से ऐसी क्षति होगी, जिसकी मरम्मत करना कठिन होगा। अनंतिम सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा है, प्राधिकरण विचाराधीन उत्पाद के आयात पर अंतिम निर्धारण होने तक 200 दिनों के लिए 12 प्रतिशत की दर से अनंतिम सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश करता है। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन है और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सम्मेलन का अनुमान है कि साल 2100 तक होने वाली मानव विलुप्त होने की घटना की संभावना 19% होनी चाहिए।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड में एबिंगडन स्कूल में भाग लेने के दौरान रेडियोहेड (एबिंगडन से एक अंग्रेजी रॉक बैंड) का गठन किया गया था।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।

## केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया

# सरकारी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु में बदलाव का प्रस्ताव नहीं



**नई दिल्ली।** लोकसभा में एक सवाल के लिखित उत्तर में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के पास कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से उत्पन्न रिक्तियों को खत्म की कोई नीति नहीं है। उन्होंने आगे क्या बताया, आइए जानें। सरकार अपने कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु में बदलाव के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। लोकसभा में एक सवाल के लिखित उत्तर में उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से उत्पन्न रिक्तियों को खत्म की कोई नीति नहीं है। सिंह ने कहा, सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु में बदलाव का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

यह पूछे जाने पर कि क्या किसी सरकारी कर्मचारी संघ या संगठन ने सेवानिवृत्ति की आयु में बदलाव की मांग की है, मंत्री ने कहा, राष्ट्रीय परिषद (संयुक्त सलाहकार तंत्र) के कर्मचारी पक्ष से कोई औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु का विवरण और उनकी सेवानिवृत्ति आयु में असमानता के कारणों को साझा करने के लिए कहे जाने पर सिंह ने कहा, सरकार में ऐसा कोई डेटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है क्योंकि यह विषय वस्तु राज्य सूची में आती है।

# सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन बढ़ोतरी

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूएसडी 3000 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 3000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर बनी रहीं। रिपोर्ट लिखे जाने तक सोना 3040 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

### क्यों बढ़ रही हैं सोने की कीमतें

विशेषज्ञों के मुताबिक, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं। मामले में मनीष मोदी, सीनियर एनालिस्ट, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा, 'वैश्विक व्यापार युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण निवेशक अन्य वित्तीय संपत्तियों को लेकर सतर्क हैं, जिससे सोने की मांग लगातार बढ़ रही है।'

### इतिहास में पहली बार इतनी तेजी से बढ़ी कीमत

पिछले 210 दिनों में सोने की कीमतें 2,500 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 3,000 डॉलर प्रति औंस हो गई हैं। आमतौर पर, सोने की कीमत में इतनी बढ़ोतरी होने में लगभग 1,700 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार तेजी से उछाल देखने को मिला है। विश्व गोल्ड काउंसिल की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया, 'सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आ सकती है, लेकिन भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता, बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों में कटौती और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने में निवेश जारी रहेगा।'

### भारत में सोना 91000 प्रति 10 ग्राम के पार

भारत में सोने की कीमतें 91000 प्रति 10 ग्राम को पार कर गई हैं, जिसका मुख्य कारण वैश्विक तनाव और भारतीय बाजार में सोने की ऊंची मांग है। कामा ज्वैलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, 'भारत 80% सोना आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। मौजूदा हालात को देखते हुए, हमें सोने की कीमतें 3,100 डॉलर प्रति औंस और 91000 प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की उम्मीद है।'

### निवेशकों का रुझान गोल्ड ईटीएफ की ओर

शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण अमीर निवेशक फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में निवेश कर रहे हैं।

साल 2025 में गोल्ड ईटीएफ में रिकॉर्ड निवेश देखा गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लोग सोने को एक सुरक्षित निवेश मान रहे हैं।

## राशिफल

मेष : मौज–मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। बीते दिनों में इनवेस्ट किए धन का फायदा आज आपको मिल सकता है।

वृष : आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े लेन–देन पूरे होंगे और लाभ पहुंचाएंगे।

मिथुन : आज का दिन मौज–मस्ती और आनंद से भरा रहेगा., क्योंकि आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे।

कर्क : किसी झगड़ालू इंसान से वाद–विवाद आपका मूड खराब कर सकता है। किसी भी तरह का विवाद आपके लिए मददगार नहीं रहेगा।

सिंह : भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

कन्या : ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता हैं।

तुला : अपने खान.पान का विशेष ध्यान रखें। खास तौर पर माइग्रेन के मरीजों को समय पर खाना नहीं छोडऩा चाहिए।

वृश्चिक : व्यर्थ की चिंताएं और परेशानियां आपके शरीर पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं और त्वचा से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

धनु : कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है। जरूरतों को ज्यादा गंभीरता से न लें।

मकर : आपका झगाड़ालू स्वभाव आपके दुश्मनों की सूची लम्बी कर सकता है। खुद को न्यूटल रखें।

कुंभ : रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है।

मीन : अपने जीवन साथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। आपके बच्चे भी घर में खुशी और सुकून के माहौल को महसूस कर सकेंगे।

## चुटकुले

बीवी ने नया सिम खरीदा और
सोचा कि पति को सरप्राइज दूंगी।
वह किचन में गई और पति को फोन किया।
बीवी– हैलो डार्लिंग।
पति (धीरे से बोलते हुए)– तुम बाद में फोन करना,
अभी चुड़ैल किचन में है।

---

टीटू सड़क पर जा रहा था,
तभी एक चिड़िया उसके सिर पर बीट करके उड़ गई.
रूमाल से सिर साफ करते हुए टीटू बोला– भगवान का लाख लाख शुक्र है,
कि उसने गाय–भैंसों को उड़ने के लायक नहीं बनाया।

---

टिल्लू ने पिल्लू को थप्पड़ मार दिया...
पिल्लू– ये तूने मजाक में मारा या सच में मारा?
पिल्लू– सच में मारा।
टिल्लू तो ठीक है, मुझे मजाक बिल्कुल भी पसंद नहीं है।

---

टीटू को फांसी की सजा सुनाई गई।
जज ने पूछा– कोई आखिरी ख्वाहिश?
टीटू– हमारी जगह तुम लटक जाओ।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

20 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अलका यागनिक (गायिका)



दिनेश कुमार



गौरवी चौहान



निधि शर्मा



ज्योषिता रॉय



प्रीत शोखावत



सन्नी ठाकुर



लक्की तंवर




तारा चांद



शकूर अहमद अंसारी



मुकेश शर्मा



शरद गुप्ता



संजय बंसल



ईशांत मान्धाता



प्रखर अढ़ाना गुर्जर



हर्ष ठाकुर



अशोक कुमार

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# आईपीएल के 'वन सीजन वंडर', एक बार चमकने के बाद फ्लॉप हुए ये खिलाड़ी

**मुंबई।** आईपीएल का 18वां सीजन 22 मार्च से शुरू होने वाला है। सीजन के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना विराट कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से ईडन गार्डेंस में होगा। 2008 में शुरू हुए इस टूनार्मेंट के जरिए कई युवा खिलाड़ियों अपने करियर को निखारा है। उन्होंने टीमों को ट्रॉफी जीतने मदद की है। कुछ क्रिकेटरों ने एक सीजन के प्रदर्शन को आगे भी जारी रखा है। वह नियमित से अच्छा खेल रहे हैं। वहीं, कुछ खिलाड़ी एक सीजन में चमकने के बाद फेल हो गए।

## काइल मेयर्स

काइल मेयर्स को लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने साल 2023 में मौका दिया था। वेस्टइंडीज के इस ऑलराउंडर ने लखनऊ की टीम के लिए ओपनिंग की और टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। मेयर्स ने साल 2023 में 13 मैचों में 144.10 के स्ट्राइक रेट से 379 रन बनाए थे। इनमें चार अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि, इसके बाद 2024 में वह लखनऊ के स्क्वॉड में तो रहे, लेकिन खेलने को एक भी मैच नहीं मिला। इसके बाद साल 2025 के मेगा ऑक्शन में वह 1.5 करोड़ के बेस प्राइस के साथ नीलामी में उतरे, लेकिन उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। ऐसे में एक सीजन के बाद यह खिलाड़ी वन सीजन वंडर्स स्टार्स की लिस्ट में शामिल हो गया।

## पॉल वाल्थाटी

एक सीजन में कमाल करने के बाद फेल होने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे पहला नाम पॉल वाल्थाटी का आता है। किंग्स इलेवन पंजाब के लिए 2011 में पॉल वाल्थाटी ने कमाल किया था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने उस सीजन से पहले 2009 में सिर्फ दो मैच खेले थे। 2011 में पंजाब ने उन्हें ओपनर बनाया। उन्होंने टूनार्मेंट की शुरूआत में ही मजबूत चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेली थी। वाल्थाटी ने 63 गेंदों पर नाबाद 120 रन बनाए। उन्होंने सीजन में 35.61 की औसत से 463 रन बनाए थे। इसके बाद वह अपने फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाए। 2012 में उन्हें छह और 2013 में सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था।



## स्वप्निल असनोदकर

शीर्ष क्रम के एक प्रतिभाशाली विस्फोटक बल्लेबाज स्वप्निल असनोदकर ने 2008 में उद्घाटन सत्र में राजस्थान रॉयल्स की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। असनोदकर ने 2008 सीजन में 311 रन बनाए, लेकिन अगले साल 2009 में जल्द ही फेल हो गए। आठ मैचों में केवल 12 की औसत से रन बनाए। इस दौरान एक भी अर्धशतक नहीं लगाया। अगले दो सीजन में उन्हें तीन मैच खेलने का मौका मिला और फिर उनका आईपीएल करियर समाप्त हो गया। असनोदकर ने 2018 तक गोवा के लिए घरेलू क्रिकेट खेला।

## सौरभ तिवारी

महेंद्र सिंह धोनी की तरह लंबे बाल रखने के कारण चर्चा में आए बाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ तिवारी ने 2010 में कमाल कर दिया था। मुंबई इंडियंस को उन्होंने फाइनल तक पहुंचने में मदद की थी। सौरभ ने 419 रन उस सीजन में बनाए थे। उन्हें सीजन का इमर्जिंग प्लेयर चुना गया था। इसके बाद उन्हें भारत के लिए तीन वनडे में भी खेलने का मौका मिला था, लेकिन वह फेल हो गए। 2011 सीजन से उन्होंने कभी भी एक आईपीएल में 200 रन नहीं बनाए। उनका स्ट्राइक रेट भी मुश्किल से 120 के पार जा सका। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण सौरभ को 2022 मेगा ऑक्शन में किसी ने नहीं खरीदा और उनका आईपीएल करियर लगभग समाप्त हो गया।

## कामरान खान

कामरान खान...बाएं हाथ का वह तेज गेंदबाज जिसने आईपीएल के पहले सीजन यानी आईपीएल के शुरूआती सत्रों में अपनी गति से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। वह, तेज गेंदबाज जिसे महान शेन वॉर्न ने देश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतिभा में से एक माना और कहा था, 'कामरान के रूप में प्रतिभा की बबार्दी हुई है। 'टॉरनेडो' के नाम से प्रसिद्ध रहे कामरान अब टेनिस बॉल क्रिकेट लीग का हिस्सा हैं। कामरान फिलहाल 33 साल के हैं। साल 2009 में 145 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद डालने वाले कामरान को वॉर्न ने ही आईपीएल का पहला सुपरओवर कराया था। कामरान ने क्रिस गेल को आउट कर राजस्थान रॉयल्स को वह मैच जिताया था, लेकिन चकिंग के एक आरोप ने उनका करियर खत्म कर दिया था।

कामरान साल 2009, 2010 और 2011 में राजस्थान टीम का हिस्सा रहे। दिवंगत शेन वॉर्न के मार्गदर्शन और सोहेल तनवीर, मोर्ने मोर्कल और मुनफ पटेल सरीखे तेज गेंदबाजों की मदद से कामरान स्टार बनकर उभरे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल नौ मैचों में नौ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 8.40 का और स्ट्राइक रेट 17.7 का रहा था।

## मनप्रीत गोनी

मनप्रीत गोनी 2008 में पहले आईपीएल सीजन से सुर्खियों में आए। उस साल वह चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने कुल 17 विकेट झटके थे। इसके बाद उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में भी शामिल किया गया। गोनी ने दो वनडे में दो विकेट लिए। वह अपनी 2008 की सफलता को बाद के सीजन में दोहरा नहीं सके। उन्होंने अपने अगले 28 मैचों में 20 विकेट लिए। 2017 उनका आखिरी सीजन था। उन्होंने आखिरी बार 2019 में घरेलू क्रिकेट खेला था। उसके बाद से वह अलग-अलग छोटी लीगों में खेल रहे हैं।

# पंजाब किंग्स जीत के साथ करना चाहेगी आईपीएल की शुरूआत

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण हैं और टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी भी टीम को चुनौती देने का दम खम रखती है। यह कहना है टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग का है, उन्होंने यह बात मंगलवार को पीसीए क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उनके साथ टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर भी मौजूद रहे। अय्यर ने कहा कि ही मैं दो दिन पहले ही टीम के साथ जूडा हूं लेकिन टीम के साथ अनुभव अच्छा है इसके साथ ही टीम में कई युवा खिलाड़ी है अपना बेहतर देने के लिए प्रयास कर रहे है।

## हेड कोच के पास अनुभव

हैंड कोच रिकी पोंटिंग के बारे में बताते हुए टीम के कप्तान ने कहा कि रिकी के साथ मैंने अलग-अलग फ्रैंचाइजी में 3-4 साल इकट्ठे काम किया है ऐसे में रिकी के पास अनुभव की कोई कमी नहीं है इसके साथ ही उनके पास खिलाड़ियों की परख भी बहुत अच्छी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह मैच के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करते रहते है। ऐसे में हमारे पास कई युवा ऑलराउंडर टीम में है जिसका प्रयोग मैच व विकेट के अनुसार किया जाएगा।



## मुझे नंबर-3 पर खेलना पसंद

चैंपियंस ट्रॉफी भारत को नंबर 4 पर खेलते हुए भारत को जीतने में श्रेयस अय्यर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने आईपीएल में कौन से नंबर पर बल्लेबाजी करने के सवाल पर कहा कि टी-20 मुकाबलो में नंबर-3 पर खेलना पसंद करता हूँ, लेकिन अंतिम फैसला कोच पर निर्भर करता है कि मुझे किस नंबर पर खिलाना है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनडे में नंबर-4 पर खेलता रहा हूँ, लेकिन मैंने हमेशा बैटिंग टीम की जरूरत के हिसाब की है। ऐसे में टीम के कोच मुझे जिस पोजीशन पर खेलने के लिए कहेगें उसपर बैटिंग करने के लिए तैयार हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किंग्स टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल है जो किसी भी पोजीशन पर खेल सकते है ऐसे में हमारा फोकस सिर्फ मैच जीतने पर है।

श्रेयर अय्यर ने कहा कि टीम में हर खिलाड़ी को अपनी अपनी भूमिका के बारे में पता है। वहीं टीम में कई खिलाड़ी है जो मैच को जीतने में दम रखते है। टीम में मैक्सवेल, शशांक, आशुतोष तीनों बेहतर खिलाड़ी है इन्हें पता है कि मैच में स्थिति के हिसाब से कैसे गियर चेंज करना है। बाकी टीम धर्मशाला में अपना कैंप लगा चुकी है और अब मुल्लांपुर में कैंप में टीम कड़ा अभ्यास कर रही है।

पंजाब किंग्स का मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास का दूसरा दिन रहा। टीम के खिलाड़ी शाम 5 बजे के बाद स्टेडियम पहुंच गए थे। इसके बाद टीम के खिलाड़ियों ने देर शाम तक फ्लड लाइट्स की दुधिया रौशनी में जमकर पसीना बहाया। टीम ने रनिंग के बाद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में दम खम दिखाया। वहीं आईपीएल में स्टेडियम में तैयारियां हो चुकी है। मुकाबलों से पहले स्टेडियम में दर्शकों को धूप और बारिश की मार से बचाने के लिए कैनोपी लगाने का काम पूरी तरह से जोरो पर हैं।

# पीएम मोदी ने विशेष एथलीटों के प्रदर्शन पर जताया गर्व, 33 पदक जीतने वाले दल का बढ़ाया हौसला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 33 पदक जीतने वाले विशेष एथलीटों के दल से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। पीएम ने विशेष एथलीटों के साथ मुलाकात का फोटो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया। तूरिन (इटली) में हुए इन खेलों में भारतीय दल ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। इन खेलों में स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से 30 विशेष एथलीट और 19 सदस्यीय सपोर्ट स्टाफ का दल भेजा गया था। विशेष एथलीटों ने छह खेलों अल्पाइन स्कीइंग, ट्रैक स्पीड स्केटिंग और क्रॉस कंट्री स्नोबोर्डिंग, फ्लोरबाल, स्नोशूइंग, शॉर्ट स्कीइंग में पदक जीते।



पीएम ने कहा, मुझे अपने एथलीटों पर बेहद गर्व हैं, जिन्होंने तूरिन में हुए विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में देश का नाम रोशन किया। हमारा अविश्वसनीय दल 33 पदक जीतकर घर लौटा है। मैं इस दल से संसद में मिला और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी। दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा भी मौजूद थीं। खेल मंत्री मांडविया ने पीएम की पोस्ट और फोटो को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, अपने परम मित्र के साथ एथलीट।

खेल मंत्रालय ने पदक विजेताओं के कैश अवॉर्ड में बढ़ोतरी की भी घोषणा की। स्वर्ण पदक विजेता को 20 लाख, रजत विजेता को 14 लाख और कांस्य विजेता को 8 लाख रुपये का कैश अवॉर्ड मिलेगा। इससे पहले मल्लिका नड्डा की अगुवाई में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भारतीय दल का सम्मान किया गया, जिसमें खेल मंत्री मांडविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी मौजूद रहीं।

# एक मैच के प्रतिबंध के कारण 'एल क्लासिको' मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या, ये खिलाड़ी करेगा कप्तानी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लघंन के लिए एक मैच के लिए निलंबित हैं। इस वजह से वह आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को अपने पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी।

इस मैच को आईपीएल का 'एल क्लासिको' भी कहा जाता है, क्योंकि दोनों लीग की सबसे सफल टीमें हैं। एल क्लासिको स्पेनिश शब्द है, जिसका मतलब होता है उत्कृष्ट। स्पेनिश फुटबॉल में बार्सिलोना-रियल मैड्रिड के मैच को एल क्लासिको कहा जाता है, क्योंकि दोनों ला लीगा की सबसे सफल क्लब हैं। वहीं, आईपीएल में चेन्नई और मुंबई दो सबसे सफल टीमें हैं। सीएसके और एमआई, दोनों ही टीमों ने पांच-पांच बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की है।

सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई। हालांकि उनकी बल्लेबाजी फॉर्म इतनी प्रभावशाली नहीं रही और उन्होंने श्रृंखला के दौरान पांच मैच में सिर्फ 38 रन बनाए। पांड्या ने यहां मुंबई इंडियंस के सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'सूर्यकुमार भारतीय टीम की कप्तानी भी करते हैं। जब मैं नहीं होता हूं तो वह आदर्श विकल्प होते हैं।'



मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि बीसीसीआई ने पिछले सत्र में उनकी टीम के तीन बार धीमी ओवरगति उल्लंघन के कारण पांड्या पर लगे एक मैच के प्रतिबंध के बारे में टीम को बता दिया है। मुंबई इंडियंस को 2024 में 10 हार का सामना करना पड़ा था जबकि वह सिर्फ चार जीत हासिल कर पाई और यह पांड्या का कप्तान के रूप में पहला साल था। पांड्या को रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया जिन्होंने टीम को पांच ट्रॉफी दिलाई हैं।

# मुक्केबाजी महासंघ में घमासान, सचिव-कोषाध्यक्ष निलंबित चुनाव से पहले वित्तीय अनियमितताओं पर भी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) में चुनाव से पहले घमासान चरम पर पहुंच गया है। बीएफआई ने मंगलवार को महासचिव हेमंत कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया। साथ ही 28 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए कलिता के अध्यक्ष पद पर नामांकन को भी रद्द कर दिया। बीएफआई ने दोनों का निलंबन दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज सुधीर कुमार जैन की जांच रिपोर्ट के आधार पर किया है। जैन को बीएफआई ने ही महासंघ में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी।

## अध्यक्ष पद पर अब त्रिकोणीय मुकाबला

कलिता का नामांकन रद्द होने से अध्यक्ष पद पर मुकाबला अजय सिंह, राजेश भंडारी और डी चंद्रलाल के बीच रह गया है। खेल संहिता के अनुसार अध्यक्ष चार साल के तीन लगातार कार्यकाल पूरे कर सकता है, जबकि महासचिव और कोषाध्यक्ष चार-चार वर्ष के दो कार्यकाल पूरे करने के बाद चार वर्ष के कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाएंगे। इसके बाद वे चार साल के एक कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव लड़ने के योग्य होंगे। कर्नाटक के एन सतीश का नामांकन भी महासचिव पद पर रद्द किया गया है।



## जांच रिपोर्ट खेल मंत्रालय को भेजी

बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया, जस्टिस जैन ने अपनी जांच में दोनों पदाधिकारियों को वित्तीय अनियमितताओं और कुप्रबंधन का दोषी पाया है। महासंघ में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोनों को उनके पदों से निलंबित किया जाता है। जस्टिस जैन की जांच रिपोर्ट खेल मंत्रालय को भी भेजी गई है। कलिता का नामांकन खेल संहिता के उल्लंघन पर रद्द किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उनके बीएफआई में दो कार्यकाल पूरे हो गए हैं। उन्हें कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना जरूरी है।

# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज टूनार्मेंट का डीयू में आगाज, 20 मार्च तक 16 विवि के बीच टक्कर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूनार्मेंट का आगाज मंगलवार से हुआ है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की ओर से इस तीन दिवसीय (18-20 मार्च) टूनार्मेंट की जिम्मेदारी डीयू को सौंपी गई है। टूनार्मेंट में देशभर से 16 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। इसमें 96 खिलाड़ी शामिल हैं। डीयू के खेल परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में मंगलवार को इस टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। इस अवसर पर डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर बतौर मुख्य अतिथि व दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के प्रिंसिपल प्रो. राजीव चोपड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

टूनार्मेंट के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप लाठर ने कहा कि शतरंज के मोहरों की चाल जीवन में हर तरह की विकृतियों से बचने और निर्णय लेने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे अंदर भविष्य में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। हम खेल खेलते हैं, खेलों से सीखते हैं और उस सीख से जीतते हैं। शतरंज एक विलक्षण खेल है।



विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव चोपड़ा ने कहा कि खिलाड़ी कभी लूजर नहीं होता, एक हारेगा तो दूसरा जीतेगा। डीयू के शारीरिक शिक्षा एवं खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल ने बताया कि इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शतरंज (महिला) टूनार्मेंट में चार जोन से कुल 16 विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं। उत्तरी जोन से डीयू, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला शामिल है।

पूर्वी जोन से एडमस विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छतीसगढ़), कलकत्ता विश्वविद्यालय तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छतीसगढ़) शामिल हैं। दक्षिणी जोन से मद्रास विश्वविद्यालय चेन्नई, अन्ना विश्वविद्यालय चेन्नई, भारथिअर विश्व विद्यालय (कोयंबटूर) तमिलनाडु और एसआरएम आईएसटी विवि तमिलनाडु भाग ले रहे हैं।

# लखनऊ-बेंगलुरु, दिल्ली और पंजाब की निगाहें अपने पहले खिताब पर

**मुंबई।** आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं।

चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है। आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे हैं। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



## पंजाब का भरोसा श्रेयस-पोंटिग की जोड़ी

पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा। लेग स्पिनर के रूप में उन्होंने युजवेंद्र चहल की सेवाएं ली हैं।

## लखनऊ को पंत-जहीर का साथ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरूआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं।

## अक्षर और बदानी मिलकर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत

दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे।

# सैन समाज ने मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सैन समाज के लोगों ने मयंक गोयल के निवास स्थान पर जाकर महानगर अध्यक्ष बनाए जाने की बधाई दी। मयंक गोयल को पगड़ी पहनाकर, पटका पहनाकर, माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से महानगर कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मपाल चंदेला, भोपुरा मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मास्टर जितेंद्र सैन, विनोद सैन, ओबीसी मोर्चा मंत्री सुमित चंदेला, गणेश, पंकज सैन, हिमांशु सैन, अतुल सैन समेत अनेक समाज के लोग मौजूद रहे। मास्टर जितेंद्र सैन ने बताया कि मयंक गोयल सरल, सौम्य व्यवहार के व्यक्ति हैं। सर्वजाति को महानगर की टीम में सम्मान मिले ऐसा मैं निवेदन करता हूं।

# 29 विभागों का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर भारत परिषद चलाएगा आंदोलन : योगेन्द्र बल्हारा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 73वें संविधान संशोधन में गांव सरकार को दिये गये 29 विभागों का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर भारत परिषद ने ग्राम स्तर पर अभियान छेडने की चेतावनी दी है। परिषद ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए इसे बेहद आवश्यक बताया है। भारत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र बल्हारा व प्रदेश महासचिव मुल्तान शर्मा ने सयुक्त रूप से वर्क्स क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते हुये कहा कि जहा एक ओर केन्द्र सरकार 97 विभागों का सही तरीके से संचालन कर रही है वही उत्तर प्रदेश सरकार 69 विभागों का संचालन कर रही है। 73 वें संविधान संशोधन में गांव सरकार को 29 विभाग दिये गये थे, लेकिन सभी विभागों का सही तरीके से क्रियान्यन न होने की वजय से गावों का विकास नही हो पा रहा है। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार को जड से खत्म करने के लिए गावों को स्वायत्ता देना अत्यन्त जरूरी है, यही महात्मा गांधी जी का भी सपना था। उन्होंने कहा कि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को देखते हुए इसको लेकर एक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनता को जागरूत किया जाएगा। तथा प्रत्येक सरकारी कार्यालय पर जागरूकता के लिए सूचना पट लगाए जाएगों। उन्होंने ग्रामीण जनता को आगाह किया कि सही तरीके से काम न करने वाले अधिकारीयो की खिलाफत करें, और इस काम में परिषद उनकी मदद करेगी। आगमी ग्राम पंचायत चुनाव में ईमानदार एंव निर्मिक ग्राम प्रधान चुनने कि भी अपील की।




गौरतलब है कि भारत परिषद भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन करता रहा है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व न्यायधीश एवं राज्यपाल के विधि सलाहकार चन्द्र भूषण पाण्डेय है। प्रेसवार्ता में परिषद के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सुनील राठी, बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष चचल चैधरी, मेरठ मंडल अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा के अलावा ईश्वर दयाल शर्मा, मागे राम वशिष्ठ, महेन्द्र प्रताप, दिक्षित, आरसी कौशिक व देवेन्द्र शिशौदिया आदि मौजूद रहें।

# चैत्र नवरात्र मेले में सुरक्षा व्यवस्था की सीएम से की गई मांग

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** महामाया देवी सीकरीखुर्द मंदिर परिसर चैत्र नवरात्र में लगने वाले पश्चिम उत्तर प्रदेश के विशाल मेले में सुचारू रूप से व्यवस्था कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता गजेन्द्र सिह गुर्जर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेषित किये एक मांग पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि चैत्र नवरात्रियों में लगने वाले महामाया देवी मेला गांव सीकरीखुर्द में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विशाल मेला आयोजन हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने मांग पत्र में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, समस्त रास्तो का जीर्णोधार, ई-रिक्शा व टैम्पों प्रवेश से प्रतिबन्धित किये जाने, पार्किंग व्यवस्था, 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति, मूला परिसर में सीसीटीवी कैमरों से कवर किये जाने, मेला क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की समुचित व्यवस्था की जाने, मेला क्षेत्र को रात्री के समय में भी ड्रोन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित किये जाने, पेय जल व टायलेट की पूर्ण व्यवस्था किये जाने आदि विभिन्न मांगों को पूर्ण करायें जाने की मांग की है।




# बाइक सवार सफाईकर्मी की मौत, परिजनों ने किसर थाने पर हंगामा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** सड़क हादसे में एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान डिड़ौली निवासी पवन कुमार (45) के रूप में हुई है।

वह जिला पंचायत विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। पवन कुमार अपनी पुत्री से मिलने मेरठ के सरधना गए थे। वापसी के दौरान सालेनगर पीर से आगे निवाड़ी की ओर जाते समय उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल पवन को मुरादनगर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी थी, हालांकि पुलिस का कहना है कि बाइक फिसलने से हादसा हुआ। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निवाड़ी थाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।



### पशु तस्करी का विरोध

# बिना कागजात के पशु ले जा रहे ट्रक को रोकने पर हंगामा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नमो भारत ट्रेन के नॉर्थ स्टेशन के निकट हिंदू संगठनों ने पशुओं से भरे मिनी ट्रक को रोक लिया।

ट्रक में पांच पशु मेरठ की ओर ले जायें जा रहे थे। हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने ट्रक चालक से पशुओं की खरीद से संबंधित कागजात मांगे। चालक कागजात नहीं दिखा सका और ट्रक लेकर भागने की कोशिश करने लगा।

इस पर कार्यकताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस के देर से पहुंचने पर गुस्सायें कार्यकताओं ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। जाम की वजह से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना पाकर एसीपी ज्ञान प्रकाश राय व थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं को समझा-बुझाकर किसी तरह मामला शान्त कराया और पशुओं को अस्थाई गौशाला में भेजा गया। आरोपी ट्रक चालक से पूछताछ के बाद रिपोर्ट दर्ज किये जाने की बात कही जा रही है।

# अब स्वास्तिक चिह्न लगी ईंट लगाने का विरोध शुरू

**गांव सीकरीखुर्द में संजीवनी एस्टेट कॉलोनी में निमार्णाधीन नाली में राम नाम की ईंटो को लगाने को लेकर निवाण फाउंडेशन की और से जारी विरोध ने तूल पकड लिया। जब रामनाम की ईटो के स्थान पर नाली में स्वास्तिक चिन्ह बनी ईंट श्रमिक लगाते दिखे, जिसे देख कालोनी के लोगों ने विरोध जताया।**

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गांव सीकरीखुर्द में संजीवनी एस्टेट कॉलोनी में निमार्णाधीन नाली में राम नाम की ईंटो को लगाने को लेकर निवाण फाउंडेशन की और से जारी विरोध ने तूल पकड लिया। जब रामनाम की ईटो के स्थान पर नाली में स्वास्तिक चिन्ह बनी ईंट श्रमिक लगाते दिखे, जिसे देख कालोनी के लोगों ने विरोध जताया। विरोध के बीच ठेकेदार, पालिका सभासद व उनके समर्थकों पर गाली गलौच कर धमकी देने का आरोप लगा है। इस बावत फाउंडेशन के पदाधिकारियों की और से मुख्यमंत्री से शिकायत की गयी हैं। जिसे लेकर पालिका के अधिकारियों ने काम रोक दिया और ईंटो को हटवा दिया।

बता दे कि गत एक पखवाडें पूर्व इस कालोनी में नाली के निर्माण कार्य में राम नाम की ईट लगाने को लेकर निर्वाण फाउंडेशन ने विरोध यहां निर्माण कार्य के लिये पंहुची ईंटो पर स्वास्तिक चिन्ह को सनातन धर्म से जुडा बताकर विरोध जताया गया, जिसे लेकर विवाद फिर गहरा गया। निर्वाण फाउंडेशन के अध्यक्ष ईश्वरचंद ने पालिका की और से कराये जा रहे निर्माण कार्यो में राम नाम व स्वास्तिक चिंह बनी ईंटो का विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि यह हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश हैं। भारतीय युवा ग्रामीण व शहरी विकास व्यापार मंडल विधान सभा अध्यक्ष अमित अग्रवाल व उसके साथ आए समर्थको ने इसे सनातान धर्म का अपमान बताते हुयें विरोध जताना शुरू कर दिया।

विरोध बढता देख इस बीच सभासद गुलाब सिंह, विक्रम सिंह कॉलोनाइजर व पप्पन पहलवान आदि पहुंचे। विवाद इतना बढ गया, जिसे लेकर पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली गयी। पुलिस ने दोनो पक्षो को शांत कराया। उधर,ईट लगाने का विरोध जताने वालो की ओर से इस बावत मुख्यमंत्री से शिकायत की गयी हैं ओर पुलिस से कार्यवाही की मांग की हैं।

# व्यापारी के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दुकान पर बैठे एक व्यापारी पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया, ओर जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। घायल व्यापारी द्वारा दी तहरीर पर पुलिस ने दोनों को नामजद किया है।




सीकरी फाटक बलवंतपुरा निवासी छत्रपाल यादव की उमेश पार्क में दुकान हैं। जब वह दुकान पर बैठा था, तभी मौहल्ले के ही दो युवक मिन्टू ढाका व उसका साथी बाले उर्फ बलजीत दुकान पर आये ओर गाली गलौच करने लगे। ऐसा करने से मना करने पर दोनो ने दुकान का शटर गिरा दिया ओर अंदर घूसकर छत्रपाल यादव के सिर व चेहरे पर ईट से प्रहार कर उसे घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुयें फरार हो गये। घायल व्यापारी थाने पहुंचा ओर आपबीती सुनाई। पुलिस ने घायल व्यापारी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

# तीन जोन में चले शराब के विशेष अभियान में 604 लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालो पर पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए तीन घंटे के विशेष अभियान में 604 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शहर जोन के डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, उनके क्षेत्र में सबसे ज्यादा 256 लोगों को पकड़ा गया। इनमें विजयनगर से 60, कोतवाली नगर से 58, नंदग्राम से 41, मधुबन बापूधाम से 38, कवि नगर से 31 और सिहानी गेट से 28 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 143 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें साहिबाबाद से 25, कौशांबी से 24, टीला मोड़ से 21, इंदिरापुरम से 22, खोड़ा से 19, लिंक रोड से 17 और शालीमार गार्डन से 15 लोग शामिल हैं। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में लोग खुलेआम सड़कों पर शराब पीते हैं। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती थी। पुलिस पिछले दो महीने से इस तरह का अभियान चला रही है। गिरफ्तार सभी आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया इसी तरीके से इस 3 घंटे के अभियान में देहात जोन में पुलिस ने 205 लोगों को पकड़ा। जिसमें से थाना लोनी में 24 ट्रोनिका सिटी में 14 अंकुर विहार में 08 लोनी बॉर्डर में 28 मसूरी में 16 मुरादनगर में 33 मोदीनगर में 19 निवाड़ी में 04 भोजपुर में 03 वेव सिटी में 22 क्रॉसिंग रिपब्लिक में 34 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



# बालकनी में रखे इनवर्टर से उठी चिंगारी, लगी भीषण आग, सोसाइटी के सिस्टम से पाया काबू

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना विजयनगर स्थित सिद्धार्थ विहार की प्रतीक ग्रैंड सिटी में एक फ्लैट में आग लग गई। यह फ्लैट कमर्शियल स्पेस के ऊपर स्थित है। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आग फ्लैट की बालकनी में रखे इनवर्टर से लगी। सोसाइटी के फायर सिस्टम की मदद से दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। आग से निकले काले धुएं से पूरे ब्लॉक में धुआं भर गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल विभाग आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहा है।



# गौकशी करने वाले 15-15 हजार के 4 इनामी बदमाश गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में जारचा पुलिस ने गौकशी के मामले में वांछित चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, आरोपी संगठित गिरोह बनाकर गौकशी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने 19 मार्च को समाना नहर के पास से इन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में अरमान पुत्र भूरे, उवैश पुत्र आरिफ, सुलेमान पुत्र असलम और शकील पुत्र कल्लू शामिल हैं। इनके पास से दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक वैगनआर कार बरामद की गई है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। आरोपी अवैध तरीके से धन कमाने के लिए गौकशी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

### तलाशी में हथियार और कार बरामद




# किसको मिलेगी सिटी वाली खास चौकी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई चौकी ऐसी कहीं जाती हैं, जिनका लिंक और लाइजनिंग हाई लेवल पर रहता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते 12 घंटे के दौरान एक के बाद एक जोन में थ्री से लेकर टू-स्टारों पर कार्रवाई हुई है। बताया जा रहा है की विवेचना में लापरवाही की वजह से उनको बलि का बकरा बनाया गया है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन की सबसे खास चौकी पर अगला टू-स्टार कौन तैनात होगा। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सूत्र बता रहे हैं कि थाने वालों से लेकर सर्किल में जोन वाले ऑफिस में राइट प्लेस के लिए राइट फेस की तलाश हो रही है। उधर सुनने में आ रहा है कि इस चौकी पर एक मेहनती टू-स्टार के हटने के बाद से एक के बाद एक दो विकेट जल्दी में ही गिरे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि वैसे तो मामला सब कुछ ठीक चल रहा था, पर विवेचना की गड़बड़ी ने अड़चन खड़ी कर दी है। जिस इलाके की यह चौकी है, उसे गाजियाबाद का मिनी कनॉट प्लेस कहा जाता है। यहां शाम का माहौल रात से ज्यादा रंगीन होता है। तो वहीं दिन का लाइफ स्टाइल भी अलग फील देता है। कुल मिलाकर यह वह चौकी है, जहां लग्जरी गाड़ियों का रेला रहता है और कमिश्नरेट के अधिकारियों का मूवमेंट भी इस इलाके में सर्वाधिक रहता है। इसके साथ ही यहां हाई प्रोफाइल मामलों की बाढ़ रहती है ,इसीलिए इस चौकी को सिटी के सबसे टेंशन वाले थाने की सबसे अटेंशन वाली चौकी भी कहा जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिटी जोन में इन दिनों चर्चा शुरू हो गई है कि इस चौकी की हॉट सीट पर किसको जगह मिलेगी, वह सिटी वाले दफ्तर से पहुंचेगा या किसी अन्य की सेटिंग यहां सीट दिलवाएगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि चौकी पर फिर एक बार कास्ट वाला फैक्टर देखने को मिल सकता है। वैसे जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में एक के बाद एक पुलिसकर्मियों पर विवेचना के बाद लाइन हाजिर वाली कार्रवाई हुई है। उससे कई थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। वह अपने मामलों की विवेचना भी बेहद फास्ट और फिट करने में जुट गए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि अब सिटी वाली खास चौकी पर किसको जगह मिलती है और उसकी पारी कैसी रहेगी।




# हापुड़ पुलिस ने बिजनौर के चार शातिर चोर किए गिरफ्तार

### चोरी की सागौन की लकड़ी बरामद



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ पुलिस ने बिजनौर के चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 12 लाख रुपये की चोरी की सागौन की लकड़ी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4,050 रुपये नकद, अवैध हथियार, एक टाटा पिकअप और दो आरी बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों में शकील ग्राम गंगू नगला, रहीस ग्राम अशगरीपुर, नाजिम ग्राम पूरनपुर और माजिद मोहल्ला रवापुरी साहनपुर शामिल हैं। ये सभी बिजनौर जनपद के रहने वाले हैं। एएसपी विनीत भटनागर के अनुसार, आरोपी दिन में रेकी करते थे और रात में पेड़ काटकर चोरी करते थे। चोरी की लकड़ी को अच्छे मुनाफे पर बेच देते थे। आरोपियों ने गढ़मुक्तेश्वर और बाबूगढ़ क्षेत्र में भी पेड़ काटने की वारदातें की हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये सभी आरोपी शातिर अपराधी हैं। हापुड़ और बिजनौर में इनके खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर पिता-पुत्रों ने 5 युवको से 5.47 लाख हड़पे

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच युवकों से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित इरशाद खान ने बताया कि उनके मित्र शाहरुख ने दुबई के पांच वीजा होने का दावा किया। शाहरुख ने इरशाद के एक रिश्तेदार समेत पांच युवकों को दुबई में नौकरी दिलाने का वादा किया। प्रति व्यक्ति 1.10 लाख रुपए की मांग की गई। इरशाद ने अपने साले के बेटे मुशाहिद, जावेद अली, मुजीब सैफी, अनवर और सादाब के पासपोर्ट बनवाए। इसके बाद उन्होंने कुल 5.47 लाख रुपए शाहरुख, उसके पिता रियासुद्दीन और भाई अजहर को रुपए नकद दिए गए और कुछ राशि बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता के अनुसार, न्यायालय के आदेश पर शाहरूख, रियासुद्दीन और अजहर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़, पैर में मारी गोली

### घरों में चोरी और मादक पदार्थ करता था सप्लाई

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर 142 पुलिस जैन पार्क के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख वो रुका नहीं बल्कि तमंचा निकालकर फायर कर दिया। साथ ही तेजी से वापस भागने लगा। पुलिस ने पहले तीन बार वॉर्निंग दी। अनदेखा करने पर पुलिस ने बदमाश पर फायर किया। गोली बदमाश के पैर में लगी। घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। दुकानों पर चोरी मादक पदार्थ सप्लायर बदमाश की पहचान पवन कुमार पुत्र रामरतन उम्र करीब 28 साल निवासी सेक्टर 165 हुई। इसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, दो चोरी के मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में सामने आया कि बदमाश घरों व दुकानों मे चोरी करता था। साथ ही मादक पदार्थ बेचता था। 15 मार्च को मेट्रो सेक्टर 143 के सामने स्क्रैब की दुकान के अंदर से रात में दो मोबाइल फोन चोरी किए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-142 में मुकदमा दर्ज है। 10 से ज्यादा मुकदमे पवन पर 10 से ज्यादा मुकदमा दर्ज है। इसमें से ज्यादा तर मुकदमे एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए। वहीं सेक्टर-39 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। ये एक शातिर अपराधी है। जिसकी तलाश पुलिस को थी। फिलहाल पुलिस पता लगा रही है कि इसके और साथ भी है या फिर अकेले ही चोरी मादक पदार्थों की सप्लाई का काम करता है।



# बंधक के रूप में फंसे लोगों के परिजन भयभीत, लड़ाई फिर शुरू करने के बाद अपनों के लौटने की उम्मीद घटी

**नई दिल्ली ।** जब दो महीने पहले इस्राइल और हमास के बीच युद्ध विराम शुरू हुआ, तो हेरूट निमरोदी को पता था कि उनके बेटे को गाजा में कैद से रिहा होने में समय लगेगा। निमरोदी ने मंगलवार को कहा, ₹मैं वास्तव में यह विश्वास करना चाहता था कि इस युद्ध को फिर से शुरू किए बिना दूसरे चरण तक पहुंचाने का अब भी एक मौका है। लेकिन ऐसा लगता है कि मेरी उम्मीद की इमारत ढह गई है, और मुझे नहीं पता कि आगे क्या करना है



लगभग 60 परिवारों के रिश्तेदार अब भी गाजा में बंधक हैं। माना जाता है कि लगभग दो दर्जन बंधक जीवित हैं। जनवरी में शुरू हुए युद्ध विराम के पहले चरण के दौरान, हमास ने लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 25 इस्राइली बंधकों और आठ अन्य के शवों को रिहा किया था। लेकिन इस महीने की शुरूआत में उस चरण के समाप्त होने के बाद से, दोनों पक्ष आगे के रास्ते पर सहमत नहीं हो पाए हैं।

**नए हवाई हमलों से नाजुक समझौते के खत्म होने का खतरा हुआ पैदा :** इस्राइल के नए हवाई हमलों से इस नाजुक समझौते के खत्म होने का खतरा पैदा हो गया है। निमरोदी के बेटे तामिर को उसके सैन्य अड्डे से तब अगवा कर लिया गया था जब 7 अक्टूबर, 2023 को हमास ने इस्राइल में धावा बोला था। इस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और 250 से ज्यादा लोग बंधक बन गए थे। निमरोदी के बेटे तामिर के जिंदा होने का अब तक कोई संकेत नहीं मिला है।

**20 वर्षीय सैनिक युद्ध को समाप्त करने वाले समझौते के दूसरे चरण में रिहाई मिलने की उम्मीद थी। लेकिन गाजा पर इजरायल की अचानक बमबारी के कारण उन्हें डर है कि शायद वह घर वापस ही न आएं**

हालांकि, इस्राइल ने उसे उसे मृत घोषित नहीं किया है।

उन्होंने सरकार के निर्णय पर दुख जताते हुए कहा, ₹यह बहुत दुःख की बात है कि यही एकमात्र समाधान है जो वे ढूंढ सके।₹ मंगलवार की सुबह हुए हमलों में 400 से अधिक लोग मारे गए और सापेक्षिक शांति छिन्न-भिन्न हो गई - साथ ही युद्ध समाप्त होने की उम्मीदें भी समाप्त हो गईं, जिसमें 48,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### इस्राइल ने नए हमलों के लिए बताया यह कारण

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने युद्ध विराम को बढ़ाने के लिए वार्ता में प्रगति न होने के कारण हवाई हमलों का आदेश दिया। अधिकारियों ने इस अभियान को ओपन-एंडेड बताया। लड़ाई की वापसी से इस्राइल में शेष बंधकों के भाग्य को लेकर दर्दनाक बहस और गहरी हो सकती है।

# छात्र नेतृत्व वाली एनसीपी नहीं चाहती कि बांग्लादेश अवामी लीग चुनाव में हिस्सा ले

**ढाका:** बांग्लादेश में छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने कहा कि वह नहीं चाहती कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग चुनाव में भाग ले. एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय समसामयिक मामलों की पत्रिका ह्यद डिप्लोमेट' में मंगलवार देर रात प्रकाशित एक साक्षात्कार में एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, ह्यह्यनहीं, हम नहीं चाहते कि अवामी लीग चुनावों में भाग ले.'' उन्होंने कहा कि अवामी लीग के जो लोग ह्यगलत कामों के लिए जिम्मेदार हैं, उन पर सबसे पहले मुकदमा चलाया जाना चाहिए'.



एनसीपी की योजना के बारे में पूछे जाने पर इस्लाम ने कहा, ह्यह्यहमारा लक्ष्य एक संविधान सभा के माध्यम से द्वितीय गणराज्य की स्थापना करना है, जिसके जरिए हम एक नया संविधान लागू करना चाहते हैं और देश की सत्ता गतिशीलता का ढांचा बदलना चाहते हैं.''

अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के संरक्षण में एक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी एनसीपी के छात्रों ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में ह्यस्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन' (एसएडी) या भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के बैनर तले बड़े पैमाने पर विद्रोह का नेतृत्व किया था.

यह पूछे जाने पर कि कूटनीति पर उनकी पार्टी का रुख क्या है, इस्लाम ने कहा, ह्यह्यसबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश किसी भी विदेशी शक्ति के प्रभुत्व से मुक्त होकर एक संतुलित और लाभप्रद कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाए.''

उन्होंने कहा, ह्यह्यअतीत में हमने देखा कि शासन व्यवस्थाएं दिल्ली के प्रभाव पर बहुत अधिक निर्भर थीं. हालांकि, हम बांग्लादेश की राजनीति को भारत या पाकिस्तान के गिर्द केंद्रित नहीं होने देंगे. एनसीपी पूरी तरह से बांग्लादेश केंद्रित रहेगी।

# संघीय जज ने ट्रंप का फैसला पलटा ट्रांसजेंडर्स के सेना में शामिल होने पर लगी रोक हटाई

**वॉंशिंगटन ।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रंप प्रशासन को झटका देते हुए सरकार के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स के सैन्य सेवाओं में शामिल होने पर रोक लगा दी गई थी।

दरअसल सेना में सेवा दे रहे छह ट्रांसजेंडर्स और सेना में शामिल होने के इच्छुक दो ट्रांसजेंडर्स ने अदालत में याचिका दायर की थी, जिस पर संघीय जज ने यह प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की है। गौरतलब है कि डोनाल्ड



वॉशिंगटन डीसी की संघीय जज एना रेज ने अपने आदेश में कहा कि ट्रांसजेंडर्स को सेना में शामिल होने से रोकना, उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत ट्रांसजेंडर्स लोगों के सेना में भर्ती होने पर रोक लगा दी गई थी। इस आदेश के जवाब में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने जेंडर डिस्फोरिया वाले लोगों को सैन्य सेवाओं के लिए अयोग्य घोषित करने की नीति जारी की। जेंडर डिस्फोरिया वह अवस्था है, जिसमें किसी व्यक्ति का निर्धारित लिंग और उसकी लिंग पहचान मेल नहीं खाते। चिकित्सा स्थिति में इसे अवसाद और आत्महत्या के विचारों से जोड़ा जाता है। अदालत में जब इस आदेश को चुनौती दी गई तो दावा किया गया कि यह अमेरिकी संविधान के पांचवें संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर्स को मिले अधिकारों का उल्लंघन है। अमेरिकी सेना में हजारों की संख्या में ट्रांसजेंडर्स सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन ये कुल सैनिकों की संख्या का एक प्रतिशत से भी कम है। अपीलीय न्यायालय ने नाबालिगों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल पर ओहायो के प्रतिबंध को रोका नाबालिगों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल पर ओहायो के प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए अपीलीय अदालत ने इस पर रोक लगा दी। तीन न्यायाधीशों के पैनल ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया।

## ऑस्ट्रेलिया से अरबों की रडार डील, आर्कटिक में सैन्य अभियान विस्तार

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मंगलवार को एक अहम घोषणा की। इसमें उन्होंने कहा कि कनाडा ऑस्ट्रेलिया से अरबों डॉलर की एक नई रडार प्रणाली खरीदेगा और आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य अभियानों को बढ़ाएगा। यह कदम कनाडा के उत्तरी क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया जा रहा है, ताकि इस विवादित क्षेत्र पर कनाडा की संप्रभुता को साबित किया जा सके। प्रधानमंत्री कार्नी ने बताया कि 6 अरब कनाडाई डॉलर (लगभग 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर) की यह रडार प्रणाली कनाडा और अमेरिका की सीमा से लेकर आर्कटिक क्षेत्र तक प्रारंभिक चेतावनी रडार कवरेज प्रदान करेगी। यह रडार ₹ओवर-द-होराइजन रडार₹ के नाम से जानी जाएगी। कार्नी इस घोषणा को नुनावुत क्षेत्र की राजधानी इकालुइट में स्थित एक सैन्य अड्डे से करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि कनाडा सरकार आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य प्रशिक्षण और संचालन को बढ़ावा देने के लिए 420 मिलियन कनाडाई डॉलर (294 मिलियन अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगी। इसके तहत अधिक सैन्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही पीएम कार्नी ने इसके बाद अपनी यात्रा को ग्रीनलैंड से पूरा किया।




# यूरोपीय देश हंगरी ने एलजीबीटी विरोधी कानून पास किया, प्राइड परेड पर बैन लगेगा

**नई दिल्ली ।** यूरोपीय देश हंगरी ने एलजीबीटी विरोधी एक नया कानून देश में पास किया है। इस कानून के तहत प्राइड इवेंट्स पर बैन लगाया गया है। साथ ही अधिकारियों को इन इवेंट्स में भाग लेने वालों की पहचान करने के लिए फेशियल रिकग्निशन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने की अनुमति भी दी है।

सरकार के इस कदम के खिलाफ राजधानी बुडापेस्ट में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने हंगरी की संसद के बाहर इकट्ठा होकर सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान की राष्ट्रवादी-पॉपुलिस्ट पार्टी का यह कदम हंगरी की छत्र्ह्ळ+ समुदाय पर कार्रवाई का हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय मसलों से जुड़ी




आज की अन्य प्रमुख खबरें... बांग्लादेश में छात्रों की नेशनल सिटीजन पार्टी बोली- हम नहीं चाहते अवामी लीग चुनाव लड़े बांग्लादेश में छात्रों की नेशनल सिटीजन पार्टी (ठउढ) ने कहा है कि वह नहीं चाहती पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनाव लड़े। ठउढ के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा कि अवामी लीग के वो नेता जो गलत कामों में शामिल थे, उनके खिलाफ मुकदमा चलाना चाहिए।

नाहिद ने कहा कि हम दूसरे लोकतंत्र की स्थापना करना चाहते हैं। इसके लिए हम संविधान सभा का गठन करेंगे। इसके जरिए हम नया संविधान लागू करने और देश की सत्ता की संरचना को पुनर्गठित करने की योजना रहे हैं। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नीदरलैंड्स के रक्षा मंत्री रुबेन बर्केलमन्स से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपील की कि नीदरलैंड्स पाकिस्तान को डिफेंस इक्विपमेंट या तकनीकी सहायता न दे। राजनाथ सिंह का कहना था कि पाकिस्तान को हथियार और टेक्निकल सहायता देना दक्षिण एशिया में शांति सुरक्षा को कमजोर करता है। नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान कुछ समय पहले माइन-हंटर्स दिए थे।

## चीन जासूसी के आरोप में अपने इंजीनियर को देगा फांसी

**बीजिंग:** चीन अपने एक पूर्व इंजीनियर को जासूसी के आरोप में फांसी देने जा रहा है. बीजिंग की जासूसी एजेंसी ने बुधवार, 19 मार्च को कहा कि एक पूर्व चीनी इंजीनियर को देश के सीक्रेट को एक विदेशी शक्ति को लीक करने के लिए मौत की सजा सुनाई गई है. एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार



चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, लियू निकनेम वाले व्यक्ति ने ₹गुप्त रूप से बड़ी मात्रा में राज्य के सीक्रेट की कॉपी बनाई और एक विदेशी जासूसी और खुफिया एजेंसी को बेच दिया रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने उस रिसर्च इंस्टीट्यूट के बारे में नहीं बताया।

# इजराइल ने गाजा में हमास के पीएम को मारा

## 3 आतंकियों की भी मौत

**तेल अवीव ।** इजराइल ने गाजा में हमास के प्रधानमंत्री इस्साम दिब अब्दुल्ला अल-दालीस को मार गिराया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की है। अब्दुल्ला ने जुलाई 2024 में रूही मुश्ताहा की मौत के बाद उसकी जगह ली थी।



अब्दुल्ला गाजा में हमास की सरकार चलाता था। उसके पास हमास के संगठन और आतंकी गतिविधियों की जिम्मेदारी भी थी। पिछले 24 घंटे में इजराइल ने हवाई हमलों में हमास के 3 बड़े आतंकियों को भी मार गिराया है। इनमें हमास के कमांडर और पॉलिटिकल लीडर महमूद मारजूक अहमद अबू-वत्फा, बहजत हसन मोहम्मद अबू-सल्तान और अहमद ओमर अब्दुल्ला अल-हाता शामिल हैं। भारत ने भी गाजा के हालात को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि सभी बंधकों की रिहाई जरूरी है। नेतन्याहू बोले- हमास के खात्मे तक चैन से नहीं बैठेंगे इजराइल ने हमास के 19 जनवरी को शुरू हुए सीजफायर को खत्म कर दिया है। मंगलवार तड़के इजराइल ने गाजा में कई हवाई हमले किए। इनमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मंगलवार शाम इजराइली ढट बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग दोबारा शुरू करने को लेकर बयान भी दिया।

नेतन्याहू के भाषण की अहम बातेंङ्क हमास ने बंधकों की रिहाई के लिए दिए गए हर प्रस्ताव को ठुकरा दिया। हमें उम्मीद थी कि हमास अपना रुख बदलेगा, इसलिए बीते 2 हफ्ते तक हमने कोई कार्रवाई नहीं की।



मैंने कल (सोमवार को) हमास के खिलाफ सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने की अनुमति दी है। इजराइल का निशाना हमास के आतंकवादी हैं, न कि फिलिस्तीनी नागरिक। ये आतंकवादी नागरिक इलाकों में छिपते हैं और उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल करते हैं। नागरिकों की मौत के लिए हमास जिम्मेदार है। मैं गाजा के लोगों से अपील करता हूं कि हमास के आतंकवादियों से दूर रहें, सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। इजराइल के समर्थन के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद। अमेरिका के साथ हमारा गठबंधन पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है। नेतन्याहू के खिलाफ 40 हजार लोग सड़क पर उतरे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ इजराइल में मंगलवार देर रात 40 हजार से ज्यादा लोग सड़क पर उतरे।

प्रदर्शनकारी इजराइली खुफिया एजेंसी शिन बेट के चीफ रोनन बार को हटाने के फैसले का विरोध कर रहे थे नेतन्याहू पर आरोप है कि वो रोनन को इसलिए हटाना चाहते हैं, जिससे हमास और कतर के साथ नेतन्याहू के सहयोगियों की गुप्त डील की जांच रोकी जा सके टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व चीफ तामिर पारदो ने नेतन्याहू को देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है।

इजराइल के अटॉर्नी जनरल गाली बहारव-मीआरा ने शिन बेट के चीफ रोनन बार को हटाने के फैसले को अवैध करार दिया है। दूसरी तरफ विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है।

# सुनीता विलियम्स समेत चारों यात्री सुरक्षित लौटे, राष्ट्रपति ने की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली ।** नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को 'भारत की बेटी' बताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को अंतरिक्ष यात्री और अन्य लोगों की लगभग नौ महीने तक फंसे रहने के बाद वापसी की सराहना की। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों का इतने दिनों के बाद आखिरकार सुरक्षित पृथ्वी पर वापस आने पर स्वागत है। हमारी भारत की बेटी हमारे पास वापस आ गई है, और हम बेहद खुश और उत्साहित हैं। हम अन्य लौटने वालों के लिए भी बेहद खुश हैं। उनके साहस और मानवीय गौरव की सराहना करते हैं!'

राष्ट्रपति ने भी सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्षयात्रियों के सुरक्षित धरती पर वापस लौटने की बधाई दी। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा कि 'नासा





के क्रू-9 मिशन को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने वाली पूरी टीम को हार्दिक बधाई। भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्षयात्रियों ने अपने समर्पण और जुझारूपन से सभी को प्रेरित किया है। इनकी ऐतिहासिक यात्रा टीमवर्क, समर्पण और अद्भुत साहस की कहानी है। मैं उनके स्वास्थ्य की कामना करती हूं।'

**पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स और उनके पिता के साथ साझा की तस्वीर :** सुनीता विलियम्स के धरती पर वापस लौटने पर पीएम मोदी ने खुशी जताई और सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा 'आपका स्वागत है क्रू-9, धरती ने आपको याद किया। यह उनके धैर्य, साहस और मानवीय भावना की परीक्षा रही। सुनीता विलियम्स और क्रू-9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तव में क्या मतलब है। अज्ञात के सामने उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना। सुनीता विलियम्स, एक पथप्रदर्शक और एक प्रेरणा है जिन्होंने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है। हमें उन सभी पर बहुत गर्व है जिन्होंने क्रू-9 की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक मेहनत की। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता, जुनून से मिलती है और तकनीक, दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है।'

सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने भी खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि यह दृढ़ता की ऐतिहासिक जीत है।

# सीमित शांति समझौते पर सहमति, 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा रूस

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद रूस ने एलान किया है कि वह अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। बातचीत के दौरान पुतिन कहा कि संघर्ष का समाधान व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

बता दें कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बनी सहमति को व्हाइट हाउस ने शांति की दिशा में पहला कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे काला सागर में समुद्री युद्ध विराम हो जाएगा और लड़ाई पूरी तरह से और स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने यह भी



कहा कि व्यापक शांति योजना की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से वार्ता तुरंत शुरू होगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन इस चरणबद्ध युद्ध विराम की योजना पर सहमत है या नहीं। क्रेमलिन ने जारी किया बयान वहीं, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत के दौरान पुतिन ने संघर्ष विराम की निगरानी करने और यूक्रेन की ओर से अधिक सैनिकों को जुटाने और खुद को फिर से हथियारबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल करने से रोकने के बारे में भी अहम बिंदु उठाए। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने ट्रंप से यूक्रेन को विदेशी सैन्य और खुफिया सहायता बंद करने का भी आह्वान किया है।

### ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा

अमेरिका ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के लिए संपूर्ण युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया था। इस पर यूक्रेन पिछले हफ्ते ही अपनी सहमति जता दी थी। लेकिन पुतिन के साथ बातचीत के बाद क्रेमलिन और व्हाइट हाउस की तरफ से सिर्फ ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढाचें पर हमला रोकने की बात कही गई है। यूक्रेन से अमेरिका को फायदा, समझिए कैसे.. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा है। अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिजों उत्कनन पर समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। खनिज के प्रसंस्करण के लिए अमेरिका को बिजली की जरूरत होगी। इसलिए उसकी सबसे बड़ी चिंता यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को लेकर है। रूस ने फरवरी 2022 में अपने आक्रमण के बाद से यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। इससे यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूसी तेल रिफाइनरियों पर जबरदस्त हवाई हमले किए हैं।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस पर बैठक आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद राम जतन मिश्र द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। कुछ शिकायतों के संबंध में संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें।



## अधिशासी अभियन्ता सिंचाई नहरों के लिए जारी रोस्टर से किसानों को अवगत कराना सुनिश्चित करें : सीडीओ

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को निर्देशित किया गया कि नहरों के लिए जारी रोस्टर से किसानों को भी अवगत कराया जाये तथा प्रार्थना पत्र के निस्तारण की सूचना संबंधित कृषक / जन प्रतिनिधि को भी अवश्य अवगत कराया जाये। निस्तारित आख्या की एक प्रति उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुए, शिकायतकर्ता को अवश्य अवगत करायें : अभिनव गोपाल

**करंट क्राइम।** जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बिजेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम महरौली में लगने वाले जाम के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया एवं अमित त्यागी सदस्य जिला पंचायत द्वारा चकभोला रजवाहे पर सिल्ट की सफाई के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया, साथ में अन्य किसानों द्वारा भी 20 प्रार्थना-पत्र विभिन्न विभागों से संबंधित दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को अवश्य अवगत करायें।

## इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित रहे

**करंट क्राइम।** किसान दिवस में लगभग 80 कृषकों तथा संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) जिला अध्यक्ष- विजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव-चौधरी ओमपाल सिंह, युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी सहित अन्य किसान मीटिंग में उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में गुंजा सिंह ओएसडी जीडीए, राजकुमार ईई आईसीडी, सुनील कुमार मण्डी सचिव, विकास कुमार पीपीओ, उमेश कुमार एसी सहकारिता, डॉ.एपी पाण्डेय सीवीओ, रवि कुमार तहसीलदार जीडीए, निधि सिंह डीएचओ सहित सेतु निगम, गन्ना विभाग, मत्स्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, मंडी समिति, नगर निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि समय आने पर पक ही जाते हैं चावल? कुछ ऐसे ही महक रहे थे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के पद भार ग्रहण वाले कार्यक्रम में लाईन पार के मिस्टर रावल? मंच से लेकर कार्यालय तक नजर आ रहा था उनका गजब का अंदाज? पता है ना ये वो ही रालव हैं जो समय-समय पर उगलते हैं गर्ग साहब के खिलाफ आग? गोयल साहब के अध्यक्ष बनने से आ गई है इन पर बहार? देखना अब ये है क्या पहले की तरह जारी रहेगा इनका गर्ग साहब पर प्रहार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम खड़े थे मयंक भैया के पदभार ग्रहण वाले कार्यक्रम में विधायक जी के एक कट्टर समर्थक के साथ? ये कट्टर समर्थक मंच पर एक वैश्य चेहरे को नहीं कर रहा था बर्दाश्त? कह रहा था हम व्यक्तिगत रंजिश नहीं चुनावी रंजिश निभाते हैं श्रीमान? चुनाव में असर दिखता है मेहरबान? वो कह रहे थे कुछ इसी तरह से निपटाया है इनका काम? फिर उन्होंने यहां पर एक और टॉप गियर लगाया? कहा अभी तो पार्टी शुरू हुई है, गोयल साहब के सिस्टम में भी नहीं जमने देंगे हम इनका पाया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मयंक भैया के प्रोग्राम में दिख रहा था भगवा कसानाओं का ज्यादा क्रेज? बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे यहां पर कसानाओं के फेस? सुना है यहां पर हैवीवेट वालों के करीबी एक कसाना सुना रहा थे अपना फसाना? कह रहे थे इस बार लाजमी है हमारा हैवीवेट वालों की कृपा से महामंत्री हो जाना? सुना है मौके पर कह रहे थे वो ये शब्द? इन शब्दों को कसाना ब्रदर्स के पास पहुंचने में नहीं लगा बिलकुल भी वक्त? एक कसाना हैं मयंक भैया तो दूसरे हैं मंत्री जी के करीबी? देखना अब ये है किसके हाथ आयेगा संगठन में पद वाला तख्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे सभी की तरह ताजपोशी वाले कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर हर बार की तरह मजबूती से नजर आ रहा था मिस्टर झा का वजूद? उन्होंने तमाम कार्यकताओं के बीच में रख दिये अपने दिल के जज्बात? कहा अध्यक्ष एक की जगह दो होने चाहिए ताकि चार महामंत्री नदिया के इस पार से और चार उस पार से एडजस्ट हो जायें साहब? भगवा झा के शब्दों को सुनकर आ गई कई चेहरों पर मुस्कुराहट? देखना अब ये है क्या मयंक भैया की टीम में मिस्टर झा का पूरा हो पायेगा ख्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे हैं भगवा पहलवान के अंदाज बदल गये हैं श्रीमान? जब से वक्त ने किया है कुछ हसीन सितम? तबसे उन्होंने भी अपना इरादा बदल लिया है साहिबान? पहले वो अपने होर्डिंग पर देते थे मिस्टर गर्ग और अपने दोस्त के फोटो को स्थान? मगर हमने देखा उनके एक शाम शहीदों के नाम वाले होर्डिंग्स को जब? तब उनके इरादे हो गये आम? उन्होंने नहीं दिया इन दो प्रमुख चेहरों को अपने होर्डिंग पर स्थान? कैसे ना कैसे तो थामा ही जाता है दर्द-ए-दिल का तूफान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे है नदिया पार के मिस्टर चौधरी की बात? आजकल वो सबको करा रहे हैं अपनी मजबूती का एहसास? कह रहे हैं हमारे ऊपर है मंत्री जी का आशीर्वाद? बिरादरी वाले बड़े अधिकारी भी मानते हैं हमारी बात? प्रदेश में चौधरी साहब का मिलता है हमको आशीर्वाद? बस थोडी बहुत हमारी ताकतवर मैडम ही नहीं सुनती? इतना तो झटका हम झेल ही सकते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम देख रहे हैं भगवागढ़ में मयंक गोयल भैया की अध्यक्ष वाली ताजपोशी के बाद चार युवा चेहरों का मसौदा? उन्होंने लगातार तीन दिनों से डाला हुआ है फार्म हाऊस से लेकर उनके घर तक डेरा सच्चा सौदा? संदीप भैया, आशीष भैया, पुष्पेन्द्र भैया पूरी ताकत से दिख रहे हैं मौके पर विराजमान? मगर यहां पर इनसे ज्यादा मजबूती से संभाली हुई है मिस्टर राम ने कमान? देखना अब ये है इनमें से कौन सा चेहरा डेढ़ा भैया वाले पद पर भविष्य में होगा विराजमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे भगवा मास्टर जी के बहुत ही खास चेहरे के पास? हमने उनको टटोला और पूछा कि मयंक भैया की टीम में इनके इनके आने की कितनी संभावना लगती है साहब? इस बात को सुनकर मास्टर जी के खास के चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट? उन्होंने कहा हमे तो बिल्कुल भी नहीं दिख रही इनकी एन्ट्री वाली आहट? अगर ये अपने पास से कर लें कुछ नेगेटिव थॉट दूर? तो ये कुछ ना कुछ जरूर पा लेंगे हुजूर? सच बतायें ये आदमी हैं बहुत ही भले? बस कुछ विचार हैं ऐसे, जिस वजह से ये सिस्टम में नहीं चले?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त सबसे ज्यादा होर्डिंग वाली मोहब्बत का भगवा युगल भैया दिखा रहे हैं इजहार? जहां देखो वहां पर मयंक भैया को बधाई देते हुए दिख रहा है उनका प्रचार? ना जाने उनकी इस मोहब्बत के पीछे कौन से हैं इरादे? फिलहाल वो बने हुए हैं होर्डिंग के शहजादे? उनकी बधाईयों ने लगाई हुई है कईयों के दिल में आग? भविष्य में पता चल ही जायेगा इन बधाईयों के पीछे का राज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो भले ही खूब होर्डिंग लगवायें और खूब नजर आयें इन वाले गोयल के पास? मगर सभी जानते हैं कि वो इनसे ज्यादा हैं उन वाले गोयल के खास? ऐसे में कितना कूकेगी इस बार इनकी किस्मत की कोयल? वो पूरे गौरव से गागर में सागर भरने वालों को साथ लेकर कर रहे हैं मयंक भैया का प्रचार? मगर अभी तो उन्हें नहीं पता है भैया के दिल के अंदर के विचार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन ने अधिकारियों संग की बैठक

## संगठन समाज हित के लिए निरंतर सार्थक प्रयास करता रहेगा : अनिल अग्रवाल सांवरिया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की एक मीटिंग गुरुवार को प्रातः 8 बजे कविनगर गाजियाबाद में आयोजित की गयी जिसका संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र हितकारी ने किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए डाक्टर विनय मित्तल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों अनिल अग्रवाल सांवरिया, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजकिशोर गुप्ता उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, नितिन गुप्ता प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश, योगेश कुमार गोयल प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश को मनोनयन पत्र वितरित किये। प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया ने बताया कि संगठन समाज के हित के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और समाज के उत्थान के लिए निरन्तर सार्थक प्रयास करता रहेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए विनय मित्तल ने संगठन के विषय में उपस्थित सभी सदस्यों को बताया और संगठन को मजूबत करने के लिये सभी के सहयोग की अपेक्षा की।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया ने वरिष्ठ समाजसेवी अतुल जैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, राम अवतार जिंदल को संरक्षक उत्तर प्रदेश, गौरव गर्ग को मेरठ मंडल अध्यक्ष तथा सुनील वार्ष्णेय को सह-कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश मनोनीत किया और सभा में राजीव गोयल प्रदेश अध्यक्ष उद्योग विकास विंग उत्तर प्रदेश भी उपस्थित हुए। सभा के अन्त में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र हितकारी ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और सभी से समाज हित में कार्य करने की अपील की।



# मयंक गोयल एक कर्मठ कार्यकर्ता ही नहीं संगठन के शिल्पकार भी हैं : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाई मयंक गोयल ने अपने जीवन की नई पारी महानगर अध्यक्ष के रूप में प्रारंभ की है। बड़े लंबे संघर्ष के बाद एक समर्पित कार्यकर्ता को महानगर अध्यक्ष बनाया जाना संगठन की एक अच्छी सोच है। आम कार्यकर्ता भी यह सोच सकता है कि आने वाले समय में शायद मेरा भी नंबर लग जाए। मयंक गोयल एक कर्मठ कार्यकर्ता ही नहीं एक कुशल वक्ता और संगठन के शिल्पकार भी हैं। सबको साथ लेकर चलने वाले हैं। मेरे व मेरे परिवार की तरफ से मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर बहुत-बहुत बधाई।

# जीडीए ने मोदी नगर में अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्रवाई किये जाने के निदेशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में अरुण कुमार उर्फ मांगे राम पुत्र स्व0 ब्रह्मपाल, हिमांशु पुत्र स्व0 जय कुमार व अनुज चौधरी पुत्र स्व0 जयपाल सिंह द्वारा खसरा सं0-592, ग्राम- अबूपुर, मोदीनगर, आई०टी०आई० के बगल में पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग किये जाने हेतु सड़क पर मिट्टी भराई कर खड़ंजा लगाने का कार्य किया जा रहा था। उपरोक्त अवैध कालोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनायी जा रही सड़क, बाउंड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान कोलोनाईजर /निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी स कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया।





प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## 22 मार्च को होगी 'उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति' की बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति 22 मार्च 2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में गाजियाबाद, गौममबुद्धनगर एवं बागपत के अधिकारियों के साथ बैठक किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त बैठक को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद को नोडल अधिकारी तथा अवनीन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद एवं प्रदीप कुमार सिंह, अपर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद को संयुक्त नोडल अधिकारी नामित किया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की संसदीय अध्ययन समिति का अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमानुसार सुरेन्द्र चौधरी, सभापति, समिति के सभापतित्व में जनपद-मेरठ से 21 मार्च 2025 को गाजियाबाद के लिए प्रस्थान करेगी एवं रात्रि विश्राम करेगी। 22 मार्च 2025 को जनपद-गाजियाबाद में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व बागपत के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। तदोपरांत मुरादाबाद के लिए प्रस्थान करेगी।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की संसदीय अध्ययन समिति द्वारा वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात से अब तक ग्राम्य विकास, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, पशुपालन विभाग गन्ना विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यावरण विभाग सहकारिता विभाग, दुग्ध विकास विभाग, खाद्य एवं रसद, भूतत्व एवं खानिजकर्म, होमगार्ड, कारागार, आयुष विभाग, आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथ, पर्यटन विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, व्यापार कर विभाग सांस्कृतिक विभाग के जनप्रतिनिधियों के कितने पत्र प्रत्येक विभागों में प्राप्त हुए तथा उन पत्रों को निस्तारण कब-कब किया गया है, विधान मण्डल सदस्यों को जिला स्तर पर अनुमन्य प्रोटोकॉल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने, विधान मण्डल सदस्यों को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया जाना है।

# इंडोनेशियन डेलिगेट ने किया उचित दर विक्रेता की दुकान का भ्रमण

## ई-पॉस मशीन से लिंक ई-वेडग मशीन से खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया से हुए अवगत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 11 इंडोनेशियन डेलिगेट द्वारा जनपद गाजियाबाद में स्थित मै० चमन प्रकाश, उचित दर विक्रेता की दुकान का भ्रमण किया गया। उचित दर विक्रेता की दुकान पर उपस्थित आपूर्ति विभाग से अमित कुमार तिवारी जिला पूर्ति अधिकारी एवं अन्य स्टाफ द्वारा समस्त इन्डोनेशियन डेलिगेट का स्वागत किया गया। इंडोनेशिया से आई टीम द्वारा उचित दर दुकान मै० चमन प्रकाश, कांशीराम कॉलोनी सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद का राशनकार्ड लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण एवं आईरिस स्कैनर के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किये जाने का लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन देखा गया। उचित दर विकेता मै० चमन प्रकाश द्वारा ई-पॉस मशीन के माध्यम से कुल तीन राशन कार्डधारकों जिसमें अत्योदय कार्डधारक महेश कुमार को आईरिस स्कैनर एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारक रमेश चंद एवं जरीना को आधार प्रमाणीकरण के उपरांत ई-पॉस मशीन से लिंक ई-वेडग मशीन से खाद्यान्न का वितरण किया गया जिसका लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन इंडोनेशियन टीम द्वारा देखा गया। उसके उपरांत टीम द्वारा जनपोषण केंद्र को भी देखा गया।







इंडोनेशिया से आये समस्त डेलिगेट आपूर्ति विभाग के उपरोक्त कार्यों से आश्वस्त रहे। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान अमित कुमार तिवारी जिला पूर्ति अधिकारी, आनंद प्रभु सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, प्रियका राय पूर्ति निरीक्षक, नूर फातिमा पूर्ति निरीक्षक, सुत्यप्रकाश मालवीय पूर्ति निरीक्षक एवं आपूर्ति

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा नगरपालिका की पूर्व चेयरपर्सन रीना भाटी ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पदभार ग्रहण करने पर बधाई शुभकामनाएं दी। रीना भाटी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।